वर्ष-12 , अंक-19 — प्रयागराज, रविवार 12 मई 2024 से शनिवार 18 मई 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From Google Play

Adhunik Samachar

**ब्रीफ न्यूज**

## भारत-चीन जब बात करेंगे तो पूरी दुनिया सुनेगी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत पहुंचने से पहले चीन के नवनियुक्त राजदूत शु फिहोंग ने कहा है कि वह अपने कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के रिश्तों को इनके नेताओं पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपित शी चिनफिंग के बीच पूर्व में बनी सहमति के हिसाब से आगे बढ़ाएंगे। भारत पहुंचने से पहले चीन के नवनियुक्त राजदूत शु फिहोंग ने कहा है कि वह अपने कार्यकाल के



दौरान दोनों देशों के रिश्तों को इनके नेताओं पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपित शी चिनफिंग के बीच पूर्व में बनी सहमति के हिसाब से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश भारत व चीन के रिश्तों में स्थिरता लाने की भी होगी ताकि विभिनन्न क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी कोशिश भारत व चीन के रिश्तों में स्थिरता लाने की भी होगी ताकि विभिनन्न क्षेत्रों में संबंधों को प्रगाढ़ किया जा सके। इसी हफ्ते चीन की सरकार ने तकरीबन 18 महीनों के अंतराल के बाद फिहोंग को भारत का नया राजदूत नियुक्त किया है। फिहोंग भारत तब आ रहे हैं जब दोनों देशों के रिश्ते काफी तनावपूर्ण है। पूर्वी लद्दाख स्थिति वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अभी भी कई जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं एक दूसरे के सामने तैनात हैं। चीन के सरकारी अंग्रेजी टीवी नेटवर्क सीजीटीएन को दिए गए एक साक्षात्कार में फिहोंग ने कहा है कि पूर्व में राष्ट्रपति चिनफिंग और पीएम मोदी के बीच यह सहमति बनी थी कि भारत व चीन प्रतिस्प?र्द्धी नहीं है बल्कि विकास में सहयोगी हैं। दोनों देश एक दूसरे के लिए विकास की कई संभावनाएं पैदा करते हैं। दोनो देशों के द्विपक्षीय रिश्तों के लिए यही बात आधार होनी चाहिए।

## वीडियो स्कैंडल मामले में भाजपा नेता देवराजे गौड़ा गिरफ्तार, कई राज खुलने की उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**चित्रदुर्ग।** जदएस सांसद प्रज्वल रेवनन से जुड़े कथित अश्लील वीडियो स्कैंडल मामले में भाजपा नेता और वकील




जी. देवराजे गौड़ा को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पेन ड्राइव में अश्लील वीडियो लीक करने के आरोप में देवराजे गौड़ा को चित्रदुर्ग जिले के पुलिस ने हसन पुलिस को मिली खुफिया सूचना पर गुलिहाल टोल गेट पर गिरफ्तार किया गया। कर्नाटक के वीडियो स्कैंडल केस में नए राज सामने आ सकते हैं। जदएस सांसद प्रज्वल रेवनन से जुड़े कथित वीडियो स्कैंडल मामले में भाजपा नेता और वकील देवराजे गौड़ा को शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पेन ड्राइव में वीडियो लीक करने के आरोप में देवराजे गौड़ा को चित्रदुर्ग जिले के पुलिस ने हसन पुलिस को मिली खुफिया सूचना पर गुलिहाल टोल गेट पर गिरफ्तार किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवनन द्वारा कथित तौर पर महिलाओं के यौन शोषण के अश्लील वीडियो लीक होने से कर्नाटक की राजनीति में तूफान आ गया है। देवराजे गौड़ा पर इन अश्लील वीडियो को लीक करने का आरोप है। उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव होलेनरसीपुरा से जदएस विधायक एचडी रेवनन के खिलाफ लड़ा था। प्रज्वल के पिता एचडी रेवनन एक महिला के अपहरण के आरोप में फिलहाल जेल में है। प्रज्वल रेवनन के खिलाफ दुष्कर्म का एक और मामला दर्ज किया गया है। इससे जदएस सांसद के खिलाफ यौन शोषण से संबंधित मामलों की संख्या तीन हो गई है। एसआइटी सूत्रों के अनुसार, प्रज्वल के खिलाफ आठ मई को बेंगलुरु में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन पर बार-बार दुष्कर्म करने, ताक-झांक, क्लिप बनाने, यौन संबंधों की मांग, कपड़े पकड़ कर खींचने, छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। प्रज्वल रेवनन फरार हैं। इंटरपोल ने उनके खिलाफ ब्लू कार्नर नोटिस जारी किया है। सिद्दरमैयाआइएएनएस के अनुसार कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि प्रज्वल से जुड़े कथित अश्लील वीडियो स्कैंडल की एसआइटी जांच में उनकी या उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा, हम जांच में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। मुझे एसआइटी जांच पर पूरा भरोसा है। यह सही रास्ते पर चल रही है।मामला सीबीआइ को सौंपने की कोई जरूरत नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया था कि एसआइटी पीड़ितों को फंसाने की धमकी देकर शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी और सीबीआइ से मामले की जांच कराने की मांग की थी। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग ने गुरुवार को कहा कि एक शिकायतकर्ता महिला ने दावा किया था कि उसे पुलिस होने का दावा करने वाले कुछ लोगों ने उत्पीड़न की धमकी देकर झूठी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया था।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-तूफान के बाद बारिश, सड़कों पर लगा लंबा जाम; उड़ानें भी प्रभावित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार देर रात अचानक मौसम बदल गया। इस दौरान धूल भरी आंधी और तूफान के बाद बारिश हुई, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम बिगड़ने के कारण डीएनडी पर लंबा जाम लग गया। वहीं, नोएडा



के कई इलाकों में इसके कारण बिजली चली गई। वहीं, मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए मौसम का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार दिनभर तेज धूप के बाद रात में अचानक मौसम बदल गया। रात आठ बजे के बाद शुरू हवा दस बजे तेज आंधी में तब्दील हो गई। इससे शहर के अधिकांश इलाकों में रात को बिजली गुल हो गई। रात्रि पौने दस बजे अचानक आंधी चलनी शुरू हुई। वहीं कई जगहों से बिजली के तार टूटने की भी खबर है। मौसम विभाग ने अपने अपडेट में कहा कि पूरे दिल्ली और एनसीआर में धूल भरी आंधी/तूफान के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। मालूम हो कि मौसम विभाग ने इससे पहले दिल्ली-एनसीआर में बारिश की चेतावनी जारी की थी रात्रि पौने दस बजे अचानक आंधी चलनी शुरू हुई। इससे चार मरला, सिविल लाइन, फ्रैंड्स कालोनी, माडल टाउन, न्यू कालोनी, गुड़गांव गांव, राजेंद्रा पार्क, पटेल नगर, शिवाजी नगर सहित अन्य इलाकों में बिजली गुल हो गई। गुरुग्राम में शुक्रवार दोपहर में तेज धूप रही वहीं, रात में अचानक आंधी चलने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## 'कनाडा का वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कनाडा को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक



शरण देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से 'अधिक शक्तिशाली' है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कनाडा को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक शरण देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। उन्होंने अलगाववादियों का जिक्र करते हुए इस बात पर आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। दिए एक इंटरव्यू में जयशंकर ने कनाडा पर वार करते कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करता है और उसका पालन भी करता है, लेकिन यह विदेशी राजनयिकों को धमकी देने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक शरण देने की स्वतंत्रता के बराबर नहीं है। विदेश मंत्री ने पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तानी अलगाववादियों का जिक्र करते हुए इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा, ठकिसी भी नियम आधारित देश में आप कल्पना करेंगे कि आप लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट है आदि।ठविदेश मंत्री ने कनाडा में अलगाववादियों पर कहा, अगर आपके पास ऐसे लोग हैं।

## मतदान प्रतिशत के मुद्दे पर आयोग से मिले विपक्षी गठबंधन के नेता, खरगे ने आंकड़ों पर उठाए थे सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** मतदान प्रतिशत आंकड़ों को लेकर विभिनन्न विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के बीच विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई




के नेताओं ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा पहले दो चरणों के मतदान प्रतिशत आंकड़ों को जारी करने एवं मौजूदा लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर हुई। मतदान प्रतिशत आंकड़ों को लेकर विभिनन्न विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के बीच विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई के नेताओं ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा पहले दो चरणों के मतदान प्रतिशत आंकड़ों को जारी करने एवं मौजूदा लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर हुई। गत मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आयोग द्वारा जारी मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में 'विसंगतियों' को लेकर विभिनन्न विपक्षी दलों के नेताओं को पत्र लिखा था। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को खरगे के विपक्षी गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र का जवाब दिया और एक्स पोस्ट भी किया। आयोग ने पहले दो चरण का मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को जारी करने में देर लगाने के आरोपों को खारिज किया। आयोग ने सख्त लहजे में कहा कि राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष का बयान चुनावी कदम और उसकी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर हमला है और यह मतदाताओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का बचाव करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने पूरी तरह से वैध मुद्दे उठाए थे। हालांकि, इन मुद्दों को निस्तारित करने के लिए चुनाव आयोग का दृष्टिकोण खेदजनक है।

## इसरो ने रचा कीर्तिमान, 3डी प्रिंटेट लिक्विड रॉकेट इंजन का किया सफल परीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**बेंगलुरु।** इसरो ने लिक्विड राकेट इंजन का सफल परीक्षण कर कीतिर्मान रचा है। इस इंजन को अत्याधुनिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (एएम) तकनीक का उपयोग करके



बनाया गया है, जिसे आम बोलचाल में 3 डी प्रिंटिंग के रूप में भी जाना जाता है।इसरो ने लिक्विड राकेट इंजन का सफल परीक्षण कर कीतिर्मान रचा है। इस इंजन को अत्याधुनिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (एएम) तकनीक का उपयोग करके बनाया गया है जिसे आम बोलचाल में 3 डी प्रिंटिंग के रूप में भी जाना जाता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को बताया कि नया इंजन 97 प्रतिशत कच्चे माल की बचत करता है और उत्पादन समय को 60 प्रतिशत तक कम कर देता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि नया इंजन 97 प्रतिशत कच्चे माल की बचत करता है और उत्पादन समय को 60 प्रतिशत तक कम कर देता है। इसे इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) द्वारा विकसित किया गया है। एलपीएससी ने इंजन को फिर से डिजाइन किया, जिससे यह एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (डीएफएएम) के डिजाइन के अनुकूल हो गया। इसरो प्रोपल्शन कांप्लेक्स, महेंद्रगिरि में नौ मई को 665 सेकंड की अवधि के लिए एएम तकनीक के माध्यम से निर्मित लिक्विड राकेट इंजन के सफल हाट परीक्षण किया गया। यह इंजन पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) के ऊपरी चरण का पीएस4 इंजन है। पीएसएलवी चार चरणों वाला राकेट होता है। पीएसएलवी के चौथे चरण के लिए पारंपरिक पीएस4 इंजन का उपयोग किया जा जाता है।

## हिंदुओं को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है कांग्रेस', पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**महबूबनगर।** कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल हिंदुओं और हिंदू त्योहारों से इतनी नफरत करता है कि अब रोज इसका पर्दाफाश हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं को अपने देश में दोयम



दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस हिंदू विरोधी है और उसे पता है कि धर्म आधारित आरक्षण असंवैधानिक है पीएम मोदी ने शुक्रवार को तेलंगाना के महबूबनगर और महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादा मोहब्बत की दुकान लेकर निकले थे लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा है। वह समाज में जहर घोलने में जुट गए हैं। टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थक देश को टुकड़ों में बांटने की बात कर रहे हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तेलंगाना के महबूबनगर और महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादा 'मोहब्बत की दुकान' लेकर निकले थे, लेकिन दुकान का बोर्ड अब दिखाई नहीं दे रहा है। वह समाज में जहर घोलने में जुट गए हैं। 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के समर्थक देश को टुकड़ों में बांटने की बात कर रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस पर हिंदू आस्था को खत्म करने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे के अमेरिका में रहने वाले 'गुरु' (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि राम मंदिर और राम नवमी उत्सव 'आइडिया आफ इंडिया' के खिलाफ है। भारत को हमेशा विदेशी चश्मे से देखने वाली कांग्रेस को आइडिया आफ इंडिया का अंदाजा ही नहीं है। आखिर क्या है- आइडिया आफ इंडिया? आइडिया आफ इंडिया ज्भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति का प्रतिबिंब है। आइडिया आफ इंडिया यानी सत्यमेव जयते, अहिंसा परमो धर्मः, वसुधैव कुटुंबकम। आइडिया आफ इंडिया मतलब सर्वपंथ समभाव, परोपकाराय सतां विभूतयः। आइडिया आफ इंडिया केवल मान्यताओं तक सीमित नहीं है। आज यह भारत की पहचान है..भारत की आवाज है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस भगवान कृष्ण के रंग वाले लोगों को अफ्रीकी कहती है। वे नहीं चाहते थे कि द्रौपदी मुर्मु भारत की राष्ट्रपति बनें। क्या यह आदिवासियों का अपमान नहीं है पीएम ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा इतना खतरनाक है कि वह राम मंदिर निर्माण और रामनवमी समारोह को भारत के विचार के खिलाफ बताती है। वे कह सकते हैं कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है, जबकि यही लोग सरकारी इफ्तार का आयोजन करते हैं और आतंकवादियों की कब्रों को सजाते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस के साथ-साथ शिवसेना (उद्धव गुट) पर भी जमकर निशाना साधा। कहा कि नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। लेकिन जब तक भारत की जनता मेरा सुरक्षा कवच है, तब तक ये लोग मुझे जिंदा तो क्या, मुर्दा भी नहीं दफना सकते। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को पीएम मोदी पर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा था कि नरेन्द्र मोदी औरंगजेब की तरह बर्ताव कर रहे हैं। लेकिन याद रहे कि एक औरंगजेब को हम महाराष्ट्र की इस धरती में गाड़ चुके हैं। औरंगजेब 27 वर्ष तक महाराष्ट्र को जीतने के लिए इस धरती पर लड़ता रहा। अंत में हमने महाराष्ट्र की धरती पर ही उसकी कब्र खोदकर उसे यहीं गाड़ दिया, तो नरेन्द्र मोदी क्या चीज हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये लोग कह रहे हैं मोदी की कब्र खुदेगी। तुष्टीकरण के लिए यह भाषा बोल रहे हैं। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी। उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का जिक्र करते हुए कहा कि अब तो वे चुनाव प्रचार में बम विस्फोट के आरोपित को भी साथ लेकर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राकांपा (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) को सलाह दी है कि वे लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस में विलय करके मरने के बजाय सीना तानकर अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ आ जाएं।

## चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का आदेश भविष्य के लिए बनेगा नजीर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में प्रचार के आधार पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को



दी गई अंतरिम जमानत का आदेश दूरगामी प्रभाव वाला है और भविष्य के लिए नजीर बनेगा। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का हर आदेश नजीर होता है और यह आदेश भी होगा। कोई भी व्यक्ति इस आदेश का हवाला देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांग सकता है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के आधार पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत का आदेश दूरगामी प्रभाव वाला है और भविष्य के लिए नजीर बनेगा। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का हर आदेश नजीर होता है और यह आदेश भी होगा। कोई भी व्यक्ति इस आदेश का हवाला देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांग सकता है। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया कहते हैं कि वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के आधार पर अंतरिम जमानत दी है, लेकिन इस आदेश के बाद कोई भी किसी भी चुनाव में इस आदेश का हवाला देकर प्रचार के लिए जमानत मांग सकता है। इस फैसले को नजीर के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। जेल में बंद कोई भी व्यक्ति जो किसी पार्टी का मुखिया है या पदाधिकारी है अथवा वह खुद चुनाव लड़ रहा है, इस आदेश का हवाला देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के नजीर होने पर दिल्ली हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसएन धींगरा कहते हैं कि यह आदेश एक गलत मिसाल कायम करेगा। इससे तो अपराधियों के लिए अंतरिम जमानत मांगने का एक रास्ता खुलता है।

## अरुणाचल प्रदेश में अंतरराज्यीय देहव्यापार गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने चार नाबालिगों को छुड़ाया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक अंतरराज्यीय देहव्यापार गिरोह का हाल ही में भंडाफोड़ किया और



10 से 15 वर्ष आयु वर्ग की चार नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक अंतरराज्यीय देहव्यापार गिरोह का हाल ही में भंडाफोड़ किया और 10 से 15 वर्ष आयु वर्ग की चार नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नाबालिगों को दो बहनों द्वारा पड़ोसी राज्य असम के धेमाजी से यहां तस्करी करके लाया गया था। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नाबालिगों को दो बहनों द्वारा पड़ोसी राज्य असम के धेमाजी से यहां तस्करी करके लाया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों बहनें ईटानगर में एक ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। उन्होंने बताया कि यहां निकट चिंपू में नाबालिग लड़कियों से देहव्यापार करवाने वाले गिरोह के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल ने चार मई को तेची रीना और जामलो तागुंग के घर पर छापा मारा और दो नाबालिग लड़कियों को छुड़ाया। अधिकारी के मुताबिक, दोनों महिलाएं घर से ही कथित रूप से देहव्यापार का गिरोह चला रही थीं। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिग लड़कियों ने बताया कि पुष्पांजलि मिली और पूर्णिमा मिली नाम की दो बहनें उन्हें धेमाजी से ईटानगर लेकर आईं थीं। उन्होंने बताया कि तस्करी करके ईटानगर लाये जाने के बाद उनसे जबरन देहव्यापार करवाया गया। सिंह ने बताया, ठबाल कल्याण समिति को मामले से अवगत करा दिया गया है और उनकी शिकायत के आधार पर ईटानगर महिला थाने में एक मामला दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही यह भी पता चला कि धेमाजी से तस्करी करके लायी गयी दो और नाबालिग लड़कियां पुष्पांजलि मिली के कब्जे में हैं। उन्होंने बताया कि बाद में उन्हें भी छुड़ा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया और फिलहाल वे पुलिस हिरासत में हैं जबकि नाबालिग लड़कियां आश्रय गृहों में हैं।







12.05.2024.pmd 1 5/12/2024, 4:24 PM

## क्या सौतेली मां ऐसी होती है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** 8 साल के मासूम को बेरहमी से सड़क पर पटक पटक कर बेरहमी से पीटें जी हां सोशल मीडिया



पर वायरल यह वीडियो कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार करछना रोड का है। जहां के रहने वाले आशीष कुमार केसरवानी के द्वारा अपने आठ वर्ष के बेटे को मां की ममता से वंचित न रहना पड़े इसलिए उन्होंने दूसरी महिला से शादी कर ली। लेकिन दूसरी महिला अपने पति की जायजात के लालच में सौतेले बेटे को बुरी तरह से बेरहमी से सड़क पर पीटने व जान से करने के प्रयास में लगी ।वही यह सारी घटना घर के बगल लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जबकि वहीं उक्त महिला का बेटा भी उसके साथ वीडियो में देखा जा रहा है।महिला के इस तरह से मासूम के साथ किए जा रहे व्यवहार को देखकर के पिता आशीष कुमार केसरवानी काफी आहत हुए और उनके द्वारा अपनी ही पतनी के विरुद्ध मासूम बेटे को जान से मारने के उद्देश्य सड़क पर बेरहमी से पीटने की शिकायत थाना प्रभारी कौंधियारा से करने की बात कही गई। आभास पुत्र आशीष केसरवानी उम्र 8 वर्ष को सौतेली मा ने बुरी तरह से मारापीटा।

## यमुनापार विकास संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/प्रयागराज।** क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओ, समस्यायों एवं मतदाता जागरूकता अभियान के सम्बन्ध मे यमुनापार विकास संघर्ष समिति एवं गंगा महासभा प्रयागराज की बैठक रविवार को अवंतिका कालोनी नैनी मे सम्पनन् हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवती प्रसाद पाण्डेय एवं संचालन सुधाकर दुबे ने किया। उक्त जानकारी देते हुए समिति के महासचिव गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्षों से हो रही मांग के बावजूद नैनी गंगातट पर शवदाहगृह बनने, अस्पताल की मांग को शासन प्रशासन द्वारा अनसुना करने, सड़कों के निर्माण में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर ध्यान न देने, अवंतिका कालोनी से होते हुए मेला मार्ग पर शौचालय निर्माण न करने, पर्यावरण संरक्षण का उपहास करने आदि समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक मे भावी कायन्योजना पर विचार विमर्श किया गया। संसदीय चुनाव



में मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के साथ ही भावी सांसद हेतु चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों से सवाल जबाव करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के साथ भावी प्रतिनिधि बनने के लिए लालायित प्रत्याशियों को पूर्व के सेवाभाव एवं जन सुलभता को ध्यान में रख कर वोट देने की अपील की गई।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री संगठन गजेन्द्र प्रताप सिंह, संघर्ष समिति के हरजीत मारवा, नयन कुशवाहा, टी एन मिश्र, शिव शंकर पांडेय, सुनील श्रीवास्तव, मीना जायसवाल, विन्दु राठौड़, अन्जुम नाज, दिनेश विश्वकर्मा, विरेन्द्र शर्मा, मो निजाम, पास्टर विनोद जैकब, अनिल मिश्र,ने विचार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, नीलेश्वर प्रसाद मिश्र, शौमिक सरकार, जितेन्द्र सिंह, प्रवीण तिवारी, आशुतोष मिश्र, अनिल शुक्ल, विजय राठौड़, राजीव कुमार, राधिका प्रजापति, दिवाकर पाण्डेय जगदीश श्रीवास्तव आदि समाजसेवी उपस्थित रहे। अन्त में कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बेरोजगारों के दर्द को नहीं समझ रही सरकार सिर्फ चुनाव में किया जाता है रोजगार का वादा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** न्यू कटरा में समिया माई पार्क में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों ने सरकार को युवाओं के मुद्दे पर बुरी तरह से असफल बताया। कहा कि लाखों की संख्या में पद रिक्त पड़े हुए हैं। सरकार युवाओं को नौकरी देना नहीं चाहती है। लोकसभा चुनाव में जनता का मूड़ जानने के लिए निकली अमर उजाला सत्ता का संग्राम रथ यात्रा शुक्रवार को दूसरे चरण के के वार्ता में युवाओं से संवाद स्थापित किया। न्यू कटरा में समिया माई पार्क में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों ने सरकार को युवाओं के मुद्दे पर बुरी तरह से असफल बताया। कहा कि लाखों की संख्या में पद रिक्त



पड़े हुए हैं। सरकार युवाओं को नौकरी देना नहीं चाहती है। प्रतियोगी छात्र विक्की खान ने कहा कि पहले तो भर्ती निकलती नहीं है, जब निकलती है तो पेपर लीक हो जाता है। कोई भी भर्ती अंजाम तक नहीं पहुंच रही है। युवाओं के सपनों को पैरो तले कुचला जा रहा है। गांव से आकर गरीब मां बाप के बच्चे दस बाई दस के कमरे में पूरी जवानी खपा देते हैं और उनके हाथ सिर्फ निराशा ही लगती है और वह गांव और समाज में हंसी का पात्र बन जाते हैं। मां बापा और परिवार के सपने बिखर जाते हैं। युवा अवसाद में चला जाता है और गलत कदम उठाने के लिए मजबूर हो जाता है कहा कि बेसिस शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा है कि शिक्षक सरप्लुस हो गए हैं, इसलिए भर्ती नहीं होगी। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने भी अधिक शिक्षक होने बात सदन में बताई।

## हमसफर एक्सप्रेस को भी सूबेदारगंज शिफ्ट करने की तैयारी, सप्ताह में चार िदिन जाती है नई दिल्ली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन को हर रोज काफी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना है। ऐसे में प्रयागराज जंक्शन के किसी भी प्लेटफार्म पर ज्यादा देर तक ट्रेनें खड़ी नहीं की जा सकती। हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन नई दिल्ली तो तीन दिन आनंद विहार तक चलती है। प्रयागराज से नई दिल्ली/ आनंद विहार जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस का संचालन सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से हो सकता है। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अगले वर्ष की शुरूआत में लगने वाले महाकुंभ मेले के पूर्व ट्रेन का संचालन सूबेदारगंज से करवाए जाने की तैयारी है दरअसल महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन को हर रोज काफी संख्या में स्पेशल ट्रेनों का संचालन करना है। ऐसे में प्रयागराज जंक्शन के किसी भी प्लेटफार्म पर ज्यादा देर तक ट्रेनें खड़ी नहीं की जा सकती। हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में चार दिन नई दिल्ली तो तीन दिन आनंद विहार तक चलती है। ऐसे में दिल्ली से आने के बाद यहां यह काफी देर तक प्लेटफार्म पर खड़ी रहती है। इसके बाद शंटिंग प्रक्रिया में भी समय लगता है। तब कहीं जाकर ट्रेन वॉशिंग लाइन पहुंचती है। यही प्रक्रिया रात में इसकी रवानगी के दौरान भी होती है। कई ट्रेनें पहले ही ही चा चुकी हैं शिफ्ट इसी को देखते हुए रेलवे की तैयारी है कि हमसफर को भी सूबेदारगंज स्टेशन से संचालित किया जाए। बीते कुछ माह के दौरान प्रयागराज जंक्शन से संचालित कई



ट्रेनें सूबेदारगंज शिफ्ट की जा चुकी है। हालांकि हमसफर एक्सप्रेस को सूबेदारगंज शिफ्ट किए जाने से शहर पश्चिम में रहने वाले लोगों को भले ही सहूलियत मिले, लेकिन शहर उत्तरी एवं दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को परेशानी हो सकती है। क्योंकि सूबेदारगंज स्टेशन शहर के दूसरे छोर पर है, जबकि प्रयागराज जंक्शन शहर के बीच में होने की वजह से वहां पहुंचना ज्यादा आसान है। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य पदुम जायसवाल का कहना है हमसफर वीआईपी श्रेणी की ट्रेन है। इसका संचालन प्रयागराज जंक्शन से ही होना चाहिए। इस बारे में पीआरओ अमित सिंह का कहना है कि अभी हमसफर को शिफ्ट किए जाने को लेकर निणन्य नहीं हुआ है।

## अपहरण और हत्याकांड में फरार चल रहे बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** थरवई के मलाका पुलिया के पास रोज की तरह शुक्रवार रात को भी वाहनों की चेकिंग हो रही थी, तभी पुलिस चेकिंग को देख कर कार सवार बदमाश तेजी से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशो ने कार से ही पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी। थरवई में लालमनि पटेल अपहररण व हत्याकांड मामले में फरार चल रहे आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच उनका उपचार एसआरएन अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इनको काफी समय से खोज रही थी। थरवई के मलाका पुलिया के पास रोज की तरह शुक्रवार रात को भी वाहनों की चेकिंग हो रही थी, तभी पुलिस चेकिंग को देख कर कार सवार बदमाश तेजी से भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशो ने कार से ही पुलिस पर कई राउंड फायरिंग कर दी।

## वैक्सीन, अडानी, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा, सत्ता पक्ष ने नकारा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा मिश्रा ने प्रयागराज शिक्षा का गढ है। यहां ज्यादातर छात्र पूरे प्रदेश से पढ़ने के लिए आते हैं। पेपर लीक में राजनीतिक दलों के साथ गर्मा गरम बहस हुई। इससे मौसम का तापमान चढ़ने के साथ ही राजनीति का पारा भी आसमान छूने लगा। सत्ता पक्ष के लोगों ने सरकार की विकास समय दोनों हाथ से निकल जाता है। यहां पर ज्यादातार युवाओं की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। भतिर्यां नहीं निकल रही हैं, जो निकल रही हैं वह भ्रष्टाचार और



हो जाने के कारण वह निराश हो जाते हैं और उनका पैसा और समय दोनों हाथ से निकल जाता है। यहां पर ज्यादातार युवाओं की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। भतिर्यां नहीं निकल रही हैं, जो निकल रही हैं वह भ्रष्टाचार और पेपरलीक के चलते निरस्त हो जा रही हैं।सत्ता का संग्राम रथयात्रा अभियान के तहत शनिवार को एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज योजनाओं की तारीफ करते हुए इसे जनहित में बताया तो विपक्षी दलों के नेताओं ने अडानी, वैक्सीन, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेर लिया। सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा मिश्रा ने प्रयागराज शिक्षा का गढ है। यहां ज्यादातर छात्र पूरे प्रदेश से पढ़ने के लिए आते हैं। पेपर लीक हो जाने के कारण वह निराश हो जाते हैं और उनका पैसा और पेपरलीक के चलते निरस्त हो जा रही हैं।कहा कि दो चरण में हुआ कम मतदान बताता है कि जनता सरकार के जुमले से ऊब चुकी है। उसका इनके वादों पर से विश्वास उठ चुका है। सपा सरकार में यूपी के स्कूलों में 16 लाख शिक्षक कर्मचारी थे जो अब घटकर 14 लाख हो गए हैं। यानी सरकार ने भर्ती नहीं की।



# चुनाव प्रचार के दौरान विधायक की मौजूदगी में लगा आपत्तिजनक नारा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**आजमगढ़।** जिले में चुनाव प्रचार का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सपा के कुछ लोगों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाए जा रहे हैं। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसओ को मामले की जांच का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक नारा लगाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में क्षेत्रीय सपा विधायक की भी मौजूदगी है। वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है और एसओ मुबारकपुर को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। वायरल वीडियो को लेकर हड़कंप मच गया है।



# वाराणसी सहित पूर्वांचल के कई जिलों में येलो अलर्ट, अगले 6 दिन तक आंधी के साथ बारिश के आसार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
काशी । काशी में मौसम ने करवट ली है। कई दिनों से तपा रही धूप



और गर्मी से मामूली राहत मिली है। सुबह - शाम ठंडी हवा राहत दे रही तो दिन में तेज धूप थोड़ी गर्मी का एहसास करा रही है। वाराणसी में भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है, लेकिन धूप तेज होने से सड़कों से लेकर घाटों तक सननटा पसरा है। सोमवार की सुबह ठंडी हवा के साथ हुई तो लोगों को राहत तो मिली, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप तेज होने लगा। इधर, मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार को दिन में तेज धूप के बाद रात से मौसम तेजी से बदला है। मंगलवार की सुबह से ही इसका असर देखने को मिल रहा है। नम पछुआ हवाओं के चलने की वजह से धूप का असर भी कम है, इस वजह से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली है। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से वाराणसी से लेकर बलिया, गाजीपुर, जौनपुर सहित पूर्वांचल के कई जिलों को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत 7 से 12 मई तक आंधी के साथ बारिश भी की संभावना है।

# सोनभद्र में युवक की हत्याः दबंगों ने लाठी-डंडे से बोला हमला, पीट-पीटकर किया लहूलुहान; अस्पताल में तोड़ा दम

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारकुंडी के मीना बाजार में पुराने विवाद को लेकर



दबंगों ने युवक की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।मारकुंडी निवासी शिवचंद यादव का पुत्र श्याम नारायण (35) मंगलवार को घर से मीना बाजार में खरीदारी के लिए जा रहा था। पिता शिवचंद के मुताबिक रास्ते में गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से उस पर हमला बोल दिया। पिटाई से श्याम नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में एक शख्स की पुराने विवाद में हत्या कर दी गई। चोपन थाना अंतर्गत मारकुंडी के मीना बाजार जा रहे युवक को लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घरवाले उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मारकुंडी निवासी शिवचंद यादव का पुत्र श्याम नारायण (35) मंगलवार को घर से मीना बाजार में खरीदारी के लिए जा रहा था। पिता शिवचंद के मुताबिक रास्ते में गांव के ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से उस पर हमला बोल दिया। पिटाई से श्याम नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और आसपास के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गए। घायल युवक को आनन-फानन जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार श्याम नारायण का आरोपियों से कुछ दिन पहले कहासुनी हुई थी। इसी विवाद में उस पर हमला हुआ है। उधर, चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 17 करोड़ से बने ऑडिटोरियम में बनेगा रिकॉर्डिंग स्टूडियो

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
वाराणसी। बीएचयू में 17 करोड़ की लागत से बने ऑडिटोरियम में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनेगा। इससे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को 17 करोड़ की लागत से बनकर तैयार 450 सीटों वाला ऑडिटोरियम पूरी तरह वातानुकूलित है। पहले यहां जमीन पर बैठकर लोग कार्यक्रम देखते थे। अब हॉल में पुशबैक सीटें लगाई



अपनी आवाज को रिकॉर्ड करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। साथ ही ऑडियो रिकॉर्डिंग में नया कोर्स लॉन्च करने की भी तैयारी चल रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत कला विभाग के छात्र-छात्राएं अब अपनी गायन की कला को विश्वविद्यालय में ही रिकॉर्ड कर सहेज सकेंगे। उन्हें कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके लिए विभाग में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। इसमें गायन, वादन से जुड़े छात्र-छात्राएं अपनी कला को रिकॉर्ड करेंगे। इस बीच विभाग की ओर से रिकॉर्डिंग कोर्स शुरू करने तैयारी है।बीएचयू के संगीत कला विभाग को पिछले महीने मिले आधुनिक पं. ओमकार नाथ ठाकुर ऑडिटोरियम में रिकॉर्डिंग स्टूडियो बनाया जाएगा। गई हैं। वुडेन फ्लोरिंग और एंटी फायर कर्टेंस से सजे ऑडिटोरियम में साइक्लोरेमा प्रोजेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसमें डिजिटलाइज्ड साउंड सिस्टम पहले से ही लगा है। अब इसमें रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी होगा। इसमें ऑडियो की रिकॉर्डिंग की जाएगी। विभाग में यहां शीघ्र ही रिकॉर्डिंग में नया पाठ्यक्रम शुरू करने की चर्चा है। इसी से लगा हुआ मेकअप के लिए एक ग्रीन रूम बनाया जाएगा, जिसमें कलाकार साज-सज्जा कर सकेंगे।विभाग के डीन प्रो. के शशि कुमार के मुताबिक स्टूडियो पर तेजी से काम किया जा रहा है। इससे छात्र-छात्राओं को अपनी आवाज रिकॉर्ड करने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# बीएचयू में बवाल मामले में तीन छात्रों को मिली अग्रिम जमानत, छात्र की मौत के अफवाह पर की थी तोड़फोड़

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बीएचयू कुलपति के आवास में तोड़फोड़, प्रॉक्टोरियल बोर्ड के गार्ड्स व पुलिसकर्मियों से मारपीट, कैंपस में पथराव और उपद्रव के मामले में अनिल कुमार पंचम की अदालत ने आरोपी छात्रों की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है। गाजीपुर के घरिहा निवासी अंकित पाल, बिहार के रोहतास निवासी क्षितिज कुमार व बड़ागांव क्षेत्र



तीन छात्रों को अग्रिम जमानत मिली है। इन्होंने कैंपस में एक छात्र की मौत के अफवाह को लेकर बवाल किया था। सड़क हादसे में बीएचयू के छात्र की मौत की अफवाह पर बीएचयू वीसी आवास और चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में तोड़फोड़, मारपीट व बवाल के मामले में तीन छात्रों को कोर्ट ने राहत दी है। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) के अहरक निवासी दर्शित पांडेय को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की दशा में 50-50 हजार रुपये की दो जमानत और बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बीएचयू चीफ प्रॉक्टर कार्यालय के सहायक सुरक्षा अधिकारी राकेश गुप्ता ने 18 फरवरी 2024 को लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।






# सम्पादकीय

## भारत में उद्योगों के लिए आईबीसी कोड और समयबद्ध अनुपालन का महत्व

जब कोई लोन या बकाया राशि लंबे समय तक अदा नहीं होती, तो कुछ परिस्थितियों में उनका वर्गीकरण ईं में कर दिया जाता है। इन परिस्थितियों में, जब ऋण लेने वाला देयता को पूरा करने में अक्षम होता है, लेंडर लोन एग्रीमेन्ट को टूटा हुआ मानते हैं और ईं लेंडर पर वित्तीय बोझ बढ़ा देते हैं, और इनसे रेगुलेटरों को संकेत मिलता है कि बैंक की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है और लेन-देन अवरूद्ध हो जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्ष 1991 में अनेक महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं जिनके फलस्वरूप देश में उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही अनेक कानूनों और प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया, जिससे उद्यमों की सुगमता को बढ़ावा मिला, और विश्व बैंक की तालिका में भारत का स्थान ऊपर आ गया,और देश में नए पूंजी निवेश को प्रोत्साहन मिला। इन सुधारों में एक महत्वपूर्ण सुधार दिवाला और शोधन अक्षमता कोड 2016 था। पूंजी निवेश की सुगमता के अतिरिक्त, यदि उद्यम में वांछित सफलता ना मिले तो इससे उद्यम से बाहर जाने के मार्ग भी सुगम होता हैं। छ्ण् के अनुसार जो संसद द्वारा 2016 में अधिनियमित किया गया था, दिवालिएपन के समाधान के लिए एक वन-स्टॉप शाप द्वारा प्रक्रिया निर्धारित की गई थी और दिवालिया हो रहे उद्यम के लिए, देनदारों और लेनदारों के बीच संतुलन बनाकर, एक कानूनी रूप-रेखा की स्थापना की गई। इसके अनुसार किसी ऋणी के दिवालिया होने पर एक निश्चित प्रकिया पूरी करने के बाद, उसकी परिसंपत्तियों को अधिकार में लिया जा सकता है। इनके फलस्वरूप देश के बैंकिग क्षेत्र को यह सुविधा मिल गई कि वे इस प्रक्रिया का पालन कर अपने ऋण की वसूली कर पाएं, इनके फलस्वरूप देश के बैंकिग क्षेत्र की हालत काफी सुधर गई, धीरे-धीरे काफी कम हो गण् और नए पूंजी निवेश द्वारा नए उद्यमों को बढ़ावा मिला। जब कोई लोन या बकाया राशि लम्बे समय तक अदा नहीं होती, तो कुछ परिस्थितियों में उनका वर्गीकरण ईं में कर दिया जाता है। इन परिस्थितियों में, जब ऋण लेने वाला देयता को पूरा करने में अक्षम होता है, लेंडर लोन एग्रीमेन्ट को टूटा हुआ मानते हैं और ईं लेंडर पर वित्तीय बोझ बढ़ा देते हैं, और इनसे रेगुलेटरों को संकेत मिलता है कि बैंक की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है और लेन-देन अवरूद्ध हो जाता है। के बाद देश के बैंकिंग संस्थानों को इस समस्या से निदान पाने के लिए एक न्यायपूर्ण और प्रभावी प्रणाली मिल गई। लेकिन इसके अनुपालन में कुछ समय से काफी अड़चनें आ रही हैं, जिन्हें सुलझाने की आवश्यकता है। के अर्न्तगत नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल को दिवाला समाधान प्रक्रिया की निगरानी करने और इसके सुचारू और शीघ्र संचालन को सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया था। इसके अर्न्तगत एक समर्पित निर्णायक प्राधिकारी नामित करना होता है। ईझ् समाधान प्रक्रिया के दौरान दिवालिया इकाई के संरक्षक के रूप में कार्य करता है। हालांकि, शुरूआत में इसमें अच्छी प्रगति हुई लेकिन हाल ही में दिवाला आवेदनों की लंबितता और उन्हें हल करने में लगने वाला अधिक समय चिंता का विषय बन गया है। इसके अर्न्तगत ऐसी किसी जूझती हुई कम्पनी के भविष्य पर सबसे महत्वपूर्ण फैसला ऋणदाताओं की समिति पर निर्भर होता है, जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय ऋणदाता शामिल होते हैं, और जो संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान या परिसमापन पर निणर्य लेती है। हालांकि यह प्रणाली अच्छी तरह से कानूनन बनाई गई है, लेकिन हाल के कई मामलों के समयबद्ध निपटान, मूल्य क्षरण को रोकने और इष्टतम रिकवरी में सफल नहीं रहे हैं। इन प्रमुख मुद्दों में से एक विशेष रूप से ऋथ्ऊ में मामलों का बैकलॉग है। समाधान प्रक्रिया में देरी न केवल ऋणों की समय पर वसूली में रूकावट डालती है, बल्कि परिसंपत्ति मूल्य के क्षरण को भी बढ़ाती है। इसके अलावा, ण्दण् सदस्यों के बीच मतभेद और कानूनी व्याख्या में अस्पष्टताएं छ्ण् की प्रभावशीलता में बाधा डालती हैं। इसके अलावा कुछ लेनदारों या पूर्व प्रवर्तकों की सहमति या अपीलों के कारण समाधान योजनाओं में भी देरी होती है और लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजियां मामलों को लटका देती हैं। उदाहरण के लिए, राठी ऊश्ऊ सरिया मामले में आवेदक ने एक योजना प्रस्तुत की जिसे फरवरी 2020 में ण्दण् द्वारा अनुमोदित कर किया गया। लेकिन ऋथ्ऊ की सहमति से पहले, एक ण्दण् सदस्य ने ऋथ्ऊ के समक्ष एक आवेदन दिया, जिसे जुलाई 2023 में ऋथ्ऊ ने खारिज कर दिया। ण्दण् सदस्य ने इसके विरूद्ध जो अपीलिय फोरम है के समक्ष अपील दायर की जिसे भी खारिज कर दिया गया।

# बढ़ रहा है तलाक का चलन, पारंपरिक भारतीय मूल्य लगा सकते हैं इस पर विराम

बढ़ते तलाक की समस्या का समाधान पारंपरिक भारतीय पारिवारिक मूल्यों में तलाशा जा सकता है। हमने परिवार के साथ समय बिताना कम कर दिया है। एक साथ भोजन करने और दिल से दिल की बातचीत करने का कोई विकल्प नहीं है, जहां परेशानियों व खुशियों का आदान-प्रदान होता है। दंत चिकित्सक की कुर्सी बातचीत करने के लिए सबसे अच्छी जगह होती है, आपका मुंह खुला हुआ होता है और आपको जवाब देने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि आप ऐसा कर ही नहीं सकते। सौभाग्य से मेरे पास एक बातूनी दंत चिकित्सक है। यह युवा महिला विवाह बाजार में तब से है, जबसे मैं उसे जानती हूं। वह लगभग 35 वर्ष की है और विवाह बाजार पर उसकी बातचीत आमतौर पर प्रफुल्लित करने वाली होती है। लेकिन पिछली कुछ मुलाकातों (हां, मैं अक्सर दंत चिकित्सक के पास जाती हूं) में वह तलाकशुदा लोगों की बढ़ती संख्या के बारे में बताती रही है। डेढ़ दशक पहले एक योग्य और शिक्षित युवा महिला, जिसने कभी शादी नहीं की हो, कभी तलाकशुदा लोगों की ओर देखती तक नहीं थी। निश्चित रूप से ऐसे लोग थे, पर बहुत कम थे। तलाकशुदा पुरुषों एवं महिलाओं के लिए फिर से जीवनसाथी तलाशना?मुश्किल था, महिलाओं के लिए तो यह और भी चुनौतीपूर्ण था। मगर अब विवाह बाजार बदल चुका है, सभी इच्छुक विवाह बाजार में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और अब तलाक को कलंक समझे जाने की प्रवृत्ति कम हो रही है। शहरी इलाकों में तलाक अब सामान्य बात हो गई है, हालांकि लोग अब भी यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि यह अच्छी बात है या बुरी। उदारीकरण के बाद के युग में भारतीय समाज में नाटकीय बदलाव आए हैं, क्योंकि पारिवारिक इकाई में रिश्ते और लैंगिक भूमिकाएं भी विकसित हुई हैं। जिस भारतीय समाज में कभी तलाक के बारे में सुनने को नहीं मिलता था, वहां आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में तलाक के मामलों में 350 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अपेक्षित रूप से बड़े शहरों में तलाक के मामलों में ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2014 से 2017 के बीच तलाक के मामलों में मुंबई में 40 फीसदी की और दिल्ली में 1990 से 2012 के बीच 36 फीसदी की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े चिंताजनक हैं, क्योंकि देश में अब भी तलाक के मामले एक फीसदी के निचले स्तर पर हैं। हालांकि धीरे-धीरे इनमें वृद्धि हो रही है, जिससे भारतीय विवाह की स्थिरता की अवधारणा खतरे में है। वर्ष 2019 में दिल्ली में 60 फीसदी से अधिक तलाक की पहल महिलाओं ने की। इसके कई कारण हैं-उच्च साक्षरता दर, आर्थिक स्वतंत्रता और अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता ने महिलाओं को अपने जीवन और निणर्यों की जिम्मेदारी खुद लेने के लिए प्रेरित किया है। शोध के मुताबिक, दिलचस्प बात यह है कि पारंपरिक विवाहों की तुलना में अंतर्जातीय और अंतर्धार्मिक विवाहों में वैवाहिक विफलता की दर उच्च है। लेकिन इसकी सफलता एवं विफलता का अनुमान केवल आंकड़ों से नहीं लगा सकते। ऐसे कई कारक हैं, जो तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करते हैं और महिला सशक्तीकरण के कदमों को तलाक दर के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि वह इस देश की महिलाओं एवं बेटियों से अन्याय के साथ-साथ एक गलत धारणा होगी। आइए, देखते हैं कि वे कौन से कारण हैं, जो तलाक दर को प्रभावित करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि 53 फीसदी तलाक की पहल 24 से 35 वर्ष के लोगों द्वारा होती है। जाहिर है कि पीढ़ीगत नजरिये में बदलाव हो रहा है। जैसे-जैसे दुनिया ऑनलाइन एक-दूसरे से जुड़ रही है, मानवीय रिश्ते और अधिक नाजुक हो गए हैं। 'समझौता' एक बुरा शब्द बन गया है, जबकि एक समय यह वैवाहिक जोड़ों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला गुण था। अब समझौते को विफलता माना जाता है। इसके अलावा, हनीमून स्थलों के साथ इंस्टाग्राम के लिए तैयार और फिल्टर की गई छवियां, गंतव्य शादियां, दुल्हन के पहनावे एक तरह की वैवाहिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती हैं, जिससे वैवाहिक रिश्ते संबंधों के जुड़ाव की तुलना में उत्सव ज्यादा बन जाते हैं। ये सब चीजें युवा जोड़ों के समक्ष एक नई वास्तविकता प्रस्तुत करते हैं, जो स्थायी रिश्ते के लिए अस्थिर नींव प्रदान करता है। पारिवारिक संरचना भी नाटकीय रूप से बदली है और नौकरी की जरूरतों के कारण घर से दूर जाने की मजबूरी ने परिवार में बुजुर्गों की भागीदारी लगभग समाप्त कर दी है। अब युवा अपने दम पर रिश्ते तय करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि 15 भारतीय जोड़ों में से एक बांझपन से जूझ रहा है। हालांकि प्रजनन संबंधी उपचार में नाटकीय प्रगति हुई है, मगर यह बहुत महंगा विकल्प है। ज्यादातर जोड़े वित्तीय स्थिरता सहित कई कारणों से माता-पिता बनने में देरी कर रहे हैं। बच्चे जोड़ों के लिए दांपत्य संभालने और रिश्तों में स्थिरता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण प्रेरणा होते हैं। पारिवारिक मूल्य और जुड़ाव अब भी भारतीय समाज को दूसरों से अलग करते हैं और तलाक के आंकड़े कम रखते हैं। हालांकि तलाक का चलन बढ़ रहा है, लेकिन इसका समाधान पारंपरिक भारतीय पारिवारिक मूल्यों और उनसे मिलने वाली स्थिरता और सहयोग में तलाशा जा सकता है। हमने परिवार के साथ समय बिताना कम कर दिया है। एक साथ भोजन करने और दिल से दिल की बातचीत करने का कोई विकल्प नहीं है, जहां परस्पर सहयोग और परेशानियों व खुशियों का आदान-प्रदान होता है। रोजगार के लिए युवाओं का घर-परिवार से दूर जाना एक अन्य पहलू है, जिससे निपटने की जरूरत है। पिछले दशकों में छोटे शहरों में रोजगार के अवसरों का विस्तार हुआ है और कनेक्टिविटी में वृद्धि हुई है। अब लोग अपने घर के नजदीक रोजगार के अवसर पा सकते हैं, जिससे उन्हें काम और पारिवारिक प्रतिबद्धता के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है। हमें अपनी विचार प्रक्रिया को नया स्वरूप देना होगा और पश्चिमी जीवन-शैली के अंधानुकरण से दूर जाना होगा। हमें व्यक्तिगत सशक्तीकरण और पारिवारिक प्रतिबद्धता के बीच संतुलन बनाना होगा। एक समय पश्चिम ने व्यक्तिगत उत्कृष्टता का जशन मनाया था और दुनिया के सामने आदर्श प्रस्तुत किया था, पर अब वह अपनी विफलता दर्शा रहा है, जिसमें किशोर उम्र में गर्भधारण, एकल अभिभावक वाले घर, स्कूलों में हिंसा, नशीले पदार्थों की लत जैसे मुद्दे शामिल हैं। यह सब कई कारणों से होता है, जिसमें परिवार का टूटना भी शामिल है। एक समाज के रूप में आगे बढ़ने के लिए रुककर एक कदम पीछे हटने का वक्त आ गया है।



# कृषि व खाद्य के लिए समग्र नीति बने, किसानों के खर्च और कर्ज में कमी बेहद जरूरी

किसानी के पारंपरिक ज्ञान के बेहतर उपयोग के साथ ही किसानों के खर्च और कर्ज में कमी?बेहद जरूरी है। राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर कृषि व खाद्य नीति की बहुत चर्चा होती रही है। इसके बावजूद ऐसी समग्र नीति नहीं बन पाई है, जिसमें सभी जरूरतों का संतुलित समावेश हो सके। ऐसी समग्र नीति में आठ उद्देश्यों का संतुलित निर्वाह होना चाहिए, जो परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। पहला उद्देश्य तो यह है कि किसानों को, विशेषकर छोटे व मध्यम किसानों को संतोषजनक, टिकाऊ व रचनात्मक आजीविका उपलब्ध हो। संतोषजनक का मतलब उन्हें उपज की उचित कीमत मिले, जिससे?जीवन-निर्वाह के अनुकूल आय प्राप्त हो। टिकाऊ का अर्थ आजीविका व इसका आधार भावी पीढ़ी के लिए भी टिका रहे। पानी-मिट्टी जैसी खेती की बुनियादी जरूरतें अच्छी स्थिति में बनी रहें। रचनात्मक का अर्थ खेती-किसानी के ज्ञान का किसान बेहतर उपयोग कर सकें, जिसमें परंपरागत ज्ञान व महिला किसानों की समझ की बड़ी भूमिका है। खर्च और कर्ज में कमी जरूरी है। दूसरा उद्देश्य यह है कि उपभोक्ताओं को ऐसे खाद्य पदार्थ उचित कीमत पर मिलें, जो उन्हें स्वस्थ व नीरोग रखें। तीसरा उद्देश्य यह है कि कृषि व गांव का पर्यावरण अच्छा?रहे। भू-जल स्तर ठीक बना रहे, मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति बनी रहे, जल-स्रोत उपलब्ध हों, किसान के मित्र, जो कीट-पतंगे, मधुमक्खियां, पक्षी आदि हैं, उनकी भी रक्षा हो तथा परागण की क्रिया ठीक से हो। सभी गांवों में भरपूर स्थानीय प्रजातियों के वृक्ष रहें। परंपरागत बीजों की रक्षा भी बहुत जरूरी है। चौथा उद्देश्य यह है कि जलवायु बदलाव के मौजूदा दौर में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम रखा जाए और इस कारण उत्पन्न प्रतिकूल मौसमी स्थितियों व आपदाओं का सामना करने की क्षमता विकसित हो। बुरे मौसम व आपदा से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए पहले से बेहतर तैयारी करनी होगी। यदि ग्रीनहाउस गैसों को नियंत्रित करने का कार्य ठीक से हो, तो इसके लिए विश्व स्तर पर स्थापित कोष से धनराशि प्राप्त की जा सकती है और किसानों को दी जा सकती है।पांचवां उद्देश्य है कि भूमिहीन खेत मजदूरों को बेहतर मजदूरी और जहां संभव हो, कुछ भूमि देकर उनकी सहायता की जाए। इसी तरह प्रवासी मजदूरों की भलाई का भी पूरा ध्यान रखना होगा। विशेषकर डेयरी व पशुपालन, किचन गार्डन आदि के माध्यम से भी इनकी मदद हो सकती है। छठा उद्देश्य है कि खेती के उत्पादों पर आधारित लघु व कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, क्योंकि केवल खेती से गांव व गांव के लोगों की समृद्धि का मजबूत आधार नहीं बनता है। इससे स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार का सृजन भी होगा। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। सातवां उद्देश्य यह है कि देश के विभिन्न भागों की अलग-अलग स्थितियों के अनुसार कृषि विकास की अलग-अलग जरूरतों के अनुकूल नियोजन होने चाहिए। यानी विकेंद्रित स्थानीय जरूरतों के अनुकूल कृषि नीति पर अधिक जोर देना चाहिए। आठवां और अंतिम उद्देश्य यह है कि खेती व ग्रामीण विकास के लिए सरकारों को अपना बजट बढ़ाना चाहिए। एक बार किसानों के कर्ज को माफ कर ऐसी स्थिति उत्पन्न करनी चाहिए कि सस्ती तकनीक अपना कर वे आगे कर्ज से बच सकें। बेशक इन सब उद्देश्यों का एक साथ एक समग्र संतुलित नीति में समावेश चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इस राह पर चलते हुए हम बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। इन सभी उद्देश्यों में कोई आपसी टकराव नहीं है। इन सभी उद्देश्यों को हम एक साथ एक समय में समावेशी नीति से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही हमें यह ध्यान में रखना पड़ेगा कि जब तक इन नीतियों के साथ कुछ समाज-सुधार के कार्य नहीं जुड़ेंगे, तब तक बेहतर से बेहतर आर्थिक नीतियां भी सफल नहीं होंगी। नशे के विरुद्ध, दहेज के विरुद्ध सशक्त आवाज उठानी होगी। तरह-तरह की उपभोक्तावाद आधारित फिजूलखर्ची को भी कम करना ही होगा। आज की दुनिया में शॉर्ट-कट बहुत पसंद किए जाते हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दों को छोड़कर प्रायः सतही तौर पर एक-दो उद्देश्यों या फार्मूलों पर चर्चा होती रही है। लेकिन सही व टिकाऊ समाधान तभी मिलेंगे, जब इनके लिए समग्र नीतियां बनेंगी, जब अल्पकालीन हितों के साथ दीर्घकालीन हितों पर भी ध्यान दिया जाएगा।



# सौ साल बाद भी समय को लेकर उठे सवाल का आज भी नहीं मिला जवाब, क्या वक्त एक धोखा है


हम हर चीज पर संदेह कर सकते हैं, लेकिन अपने जन्म, जीवन और मृत्यु पर संदेह नहीं कर सकते। इस यात्रा में उम्र के कई पड़ाव भी हम पार करते हैं, जिन्हें समय की समझ के बगैर नहीं समझा जा सकता। लेकिन भौतिक विज्ञानियों में यह संदेह है कि जिस तरह हम समय का अनुभव करते हैं, वह मौजूद है भी या नहीं?अंग्रेज तर्कशास्त्री मैक्टेगार्ट ताश के पत्तों के प्रयोग से एक तर्क गढ़ते हैं कि वक्त दरअसल कुछ है ही नहीं। यह एक भ्रम है। हालांकि उनके प्रयोग ने समय के रहस्य के समाधान के बजाय उसे और उलझा दिया है हम हर चीज पर संदेह कर सकते हैं, लेकिन अपने जन्म, जीवन और मृत्यु पर संदेह नहीं कर सकते। इस यात्रा में उम्र के कई पड़ाव भी हम पार करते हैं, जिन्हें समय की समझ के बगैर नहीं समझा जा सकता। लेकिन भौतिक विज्ञानियों में यह संदेह है कि जिस तरह हम समय का अनुभव करते हैं, वह मौजूद है भी या नहीं? अल्बर्ट आइंस्टीन का सापेक्षता का सिद्धांत कहता है कि समय निरपेक्ष न होकर सापेक्ष है। इसे एक उदाहरण से समझें। दिल्ली से लखनऊ के बीच की करीब साढ़े पांच सौ किलोमीटर की दूरी अगर सौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तय करें, तो हमें लखनऊ पहुंचने में साढ़े पांच घंटे लगते हैं। लेकिन अगर यही दूरी इससे ज्यादा तेज गति से तय की जाए, तो यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाता है। जाहिर है कि आप कितनी तेजी से यात्रा कर रहे हैं, इसके आधार पर यह तेज या धीमा हो सकता है। इस आधार पर ही आधुनिक भौतिकी कहती है कि समय एक भ्रम भी हो सकता है। वैज्ञानिक लंबे समय से मानते आ रहे हैं कि समय पूर्ण और सार्वभौमिक है, जो हर किसी के लिए एक समान, हर जगह और स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में है। आइंस्टीन के सिद्धांतों के अनुसार, ब्रह्मांड एक स्थिर, चार आयामी ब्लॉक है, जिसमें सभी देश व काल एक साथ अस्तित्व में हैं और जिसमें किसी खास वर्तमान क्षण जैसी कोई चीज नहीं है। किसी के लिए जो अतीत है, वही दूसरे के लिए भविष्य हो सकता है। इसका अर्थ यह भी है कि समय अतीत से भविष्य की ओर यात्रा नहीं करता, जैसा अमूमन समझा जाता है। भौतिक विज्ञान के विभिन्न हिस्सों में जैसे क्वांटम यांत्रिकी में समय के विचार को लेकर एक टकराव दिखता है। तो क्या वाकई समय एक भ्रम है, यह पता लगाने का एक ही तरीका है कि तर्क का उपयोग कर यह साबित किया जाए कि समय अवास्तविक है। 1908 में, एक अंग्रेज दार्शनिक जे.एम. ई. मैक्टेगार्ट ने तर्क दिया कि हम केवल तार्किक सोच का उपयोग करके समय के भ्रम को समझ सकते हैं। मान लीजिए, किसी ने आपको ताश के पत्तों का एक बॉक्स दिया है, जिनमें से प्रत्येक कार्ड एक घटना का प्रतिनिधित्व करता है। एक पत्ता वर्ष 2024 का, दूसरा महारानी विक्टोरिया की मृत्यु का, और तीसरा 2026 में सूर्य ग्रहण को दर्शाता हो। ताश के इन पत्तों को मिला दिया गया है। आपको इन पत्तों को इस तरह से व्यवस्थित करने के लिए कहा गया है, जो समय का प्रतिनिधित्व करे। आप यह कैसे करेंगे? मैक्टेगार्ट इसका पहला तरीका बताते हैं, बी-श्रृंखला। इसमें आप पहला पत्ता चुनते हैं और उसे जमीन पर रख देते हैं। अब आप दूसरा पत्ता चुनते हैं और उसकी तुलना पहले से जमीन पर रखे पत्ते से करते हैं। अगर दूसरा पत्ता उससे पहले की घटना है, तो इसे जमीन पर रखे पत्ते के बाईं ओर रख देते हैं और अगर बाद की घटना है, तो दाईं ओर रख देते हैं। आप देखेंगे कि रानी विक्टोरिया की मृत्यु वाला पत्ता 2026 के सूर्य ग्रहण वाले पत्ते के बाईं ओर रखा जाएगा। 2024 वाला पत्ता 2026 के सूर्य ग्रहण वाले पत्ते के बाईं ओर, लेकिन रानी विक्टोरिया की मृत्यु वाले पत्ते के दाईं ओर रखा जाएगा। आप यह प्रक्रिया तब तक दोहराते रहें, जब तक कि आप एक क्रम में पत्ते न पा लें। लेकिन जब आप एक क्रम में पत्ते पा लेते हैं, तब आपको किसी कमी का एहसास होता है। अब पत्तों की पंक्ति स्थिर है, अब उनमें किसी बदलाव की जरूरत नहीं। अब आप कैसे कह सकेंगे कि समय बदलाव को दिखाता है? आखिर भौतिक विज्ञान भी तो यही कहता है कि समय बदलाव को मापने का जरिया है। कोई भी उपकरण जो समय को मापता है, वह बदलाव पर ही निर्भर होता है। जैसे घड़ी अपनी सुइयों की गति पर। याद कीजिए, आपका मूल काम पत्तों को इस क्रम में व्यवस्थित करना था, जो समय का सही ढंग से प्रतिनिधित्व करता हो। लेकिन अंत में आप वहां पहुंच गए, जो नहीं बदलता। अब इस आधार पर यह कहना कि समय नहीं बदलता, तो अजीब होगा। जाहिर है कि बी-श्रृंखला समय को कैप्चर नहीं करती। एक और भी विकल्प है। आप फिर से शुरू कर सकते हैं। इसे मैक्टेगार्ट 'ए-श्रृंखला' कहते हैं, जिसका उपयोग करके आप फिर से ताश के पत्तों को व्यवस्थित कर सकते हैं और समय को भी समझ सकते हैं। आप पत्तों के तीन ढेर बनाएं। बाईं ओर की ढेरी अतीत में घटी घटनाओं को दर्शाती है, जैसे रानी विक्टोरिया की मृत्यु। बीच में वे घटनाएं, जो वर्तमान में घटित हो रही हैं, जैसे वर्ष 2024 और दाईं ओर, वे जो भविष्य में घटित होंगी, जैसे-2026 का सूर्य ग्रहण। बी-श्रृंखला के विपरीत, यह व्यवस्था स्थिर नहीं है। जैसे-जैसे समय बीतता है, आपको पत्तों को दाएं (भविष्य) से मध्य (वर्तमान) और फिर बाएं (अतीत) ढेर में लाना होगा। क्या इसका मतलब यह कि ए-श्रृंखला समय का वर्णन करती है? मैक्टेगार्ट के अनुसार, ए-श्रृंखला गोलाकार है। आपके हाथ द्वारा पत्तों को बाएं ढेर से मध्य और फिर दाएं ढेर में ले जाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो समय में पहले ही हो चुकी है और आप उसका अनुकरण भर कर रहे हैं। इस व्यवस्था को चलाने के लिए आपको केवल समय पर रहना होगा। लेकिन समय को पकड़ने के लिए आपको समय से पहले होना होगा। जाहिर है कि बी-श्रृंखला समय को विश्लेषित नहीं कर सकती, क्योंकि उसमें बदलाव नहीं है। ए-श्रृंखला भी नहीं कर सकती, क्योंकि यह बदलाव तो करती है, लेकिन यह वृत्ताकार है, जिसमें पहले चीजें समय में घटती हैं, और आप सिर्फ अनुकरण करते हैं। इस आधार पर मैक्टेगार्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि समय वास्तविक नहीं है, यह एक भ्रम है। सौ साल से भी ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी समय को लेकर उठा सवाल आज भी अनुत्तरित है। ए और बी श्रृंखलाओं की सीमाओं के बाद एक सी-श्रृंखला की बात की जाने लगी, जिसके सिद्धांतकार कहते हैं, पत्तों की अतीत या भविष्य जैसी कोई दिशा नहीं होती। वर्ष 2024, रानी विक्टोरिया की मृत्यु और 2026 के सूर्य ग्रहण के बीच आता है। लेकिन सी-सिद्धांत के अनुसार ऐसा कोई क्रम नहीं है, यह केवल एक मानसिक आदत है। यह दीवार पर चित्र उकेरने जैसा है। आप कितने ही चित्र उकेर लें, दीवार की अपनी कोई दिशा नहीं होती। ए, बी या सी कौन-सी श्रृंखला सही है, या कोई भी सही नहीं है, यह तो समय ही बताएगा। महत्वपूर्ण यह है कि मैक्टेगार्ट ने बगैर किसी वैज्ञानिक निष्कर्ष का सहारा लिए समय की समस्या के समाधान के तर्क को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।



## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में स्थायी युद्धविराम पर इजरायल का रुख सकारात्मक

**तेल अवीव।** स्थायी युद्धविराम पर इजरायल के समझौते का रुख दिखाने से गाजा में शांति की संभावना पैदा हुई है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजरायली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली



नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजरायली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। यह मकान इजरायली हमले में ध्वस्त हुआ था। इस प्रकार से गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 35 हजार के करीब पहुंच गई है। बताया गया है कि 14 लाख बेघरों वाले रफाह में इजरायली सैन्य कार्रवाई पर अमेरिका के असहमति जताने और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल में लगातार तेज हो रही मांग से गाजा में स्थायी युद्धविराम की राह बनी है। सूत्रों के अनुसार युद्धविराम के सिलसिले में काहिरा में चल रही वार्ता में जो प्रगति दिखाई दे रही है उसके चलते अगले सप्ताह हमास महिला बंधकों की रिहाई शुरू कर सकता है, बदले में इजरायल फलस्तीनी कैदी छोड़ेगा।शनिवार को गाजा में इजरायली हमलों में कुल 32 लोग मारे गए जबकि रफाह के एक ध्वस्त मकान के मलबे से तीन लोगों के शव मिले हैं। यह मकान इजरायली हमले में ध्वस्त हुआ था। इस प्रकार से गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 35 हजार के करीब पहुंच गई है। इजरायली सेना ने कहा है कि मारे गए लोगों में करीब 13 हजार हमास और इस्लामिक जिहाद ग्रुप के आतंकी हैं। इजरायली सुरक्षा बलों ने शनिवार को अवैध कब्जे वाले वेस्ट बैंक के तुल्कराम क्षेत्र में तीन फलस्तीनियों को गोली मार दी। इजरायल ने इन लोगों को आतंकी गतिविधियों में संलग्न बताया है।

### पाकिस्तानी मूल के सादिक खान लगातार तीसरी बार बने लंदन के मेयर

**लंदन।** पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार सादिक खान तीसरी बार लंदन के मेयर पद के लिए चुन लिए गए हैं। चुनावों के अंतिम परिणाम शनिवार को जारी किए गए। 53 साल के सादिक खान अपने निकटतम कंजर्वेटिव पार्टी के प्रतिद्वंद्वी सुसान हॉल से लगातार बढ़त बनाए हुए थे। पाकिस्तानी मूल के लेबर पार्टी के उम्मीदवार सादिक खान तीसरी बार लंदन के मेयर पद के लिए चुन लिए गए हैं। चुनावों के अंतिम परिणाम शनिवार को जारी किए गए। 53 साल के सादिक खान अपने निकटतम कंजर्वेटिव पार्टी के प्रतिद्वंद्वी सुसान हॉल से लगातार बढ़त बनाए हुए थे। गुरुवार को हुए स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी ने दर्जनों अंग्रेजी परिषदों में जीत हासिल की है।गुरुवार को हुए स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी ने दर्जनों अंग्रेजी परिषदों में जीत हासिल की है। इससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को भारी झटका हुआ है। सादिक खान ने नतीजों के बाद दिए एक भाषण में कहा, कुछ महीने मुश्किल भरे रहे हैं। हमें लगातार नकारात्मक चुनावी अभियान का सामना करना पड़ा। उन्होंने कंजर्वेटिव उम्मीदवार सुसान हॉल को हराकर 43.8 फीसदी वोट हासिल किए। वहीं, सुसान हॉल को 33 फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, जनमत सर्वेक्षणों ने अनुमान जताया है कि लेबर पार्टी देश का अगला आम चुनावों में जीत हासिल करेगी। इस तरह से ब्रिटेन में 14 साल की कंजर्वेटिव सरकार का अंत होगा।


## श्रीराम कथा में सीता हरण एवं जटायु उद्धार का मार्मिक प्रसंग सुनाया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा ।**सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के छठवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज ने कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान राम पंचवटी में निवास करते हैं जहां पर रावण की बहन सूर्पनखा पहुंचती है और विवाह का प्रस्ताव रखती है। बार बार मना करने पर भी नहीं मानती है तो लक्ष्मण जी उसके नाक कान काट लेते हैं। रावण दरबार में सुर्पणखा विलाप करती हुई पहुंचती हैं। रावण ने उसकी दशा देखकर पूछा कि तेरे नाक कान किसने काटे। सुर्पणखा ने कहा कि राम लक्ष्मण दशरथ के पुत्र हैं। राम के छोटे भाई लक्ष्मण ने नाक कान काटे है और उन्होंने खर दूषण और त्रिसरा का भी वध कर दिया। रावण सोचता हैं खर दूषण को मारने वाला निश्चित ही कोई अवतार है।" तो मै जाइ बैर हठि करऊँ। प्रभु सर प्रान तजे भव तरऊँ"। रावण मारीचि के पास जाता हैं और राम से बदला लेने के लिए कपट मृग बनने को कहता हैं। मारीचि सोने का मृग बनकर पंचवटी से निकलता हैं तो सीता राम जी से उस स्वर्ण मृग की खाल लाने को कहती हैं। राम जी उसके पीछे जाते है और उस स्वर्ण मृग को एक बाण से मार देते हैं। मारीचि मरते समय हा लक्ष्मण हा लक्ष्मण की आवाज करता हैं। सीता जी ने राम को संकट में जानकर लक्ष्मण को उनकी सहायता में भेजती है। मौका देखकर लंकेश साधु का वेश रखकर सीता को जबरदस्ती सीता को रथ में बैठाकर आकाश मार्ग से जाता हैं।" गीधराज सुनि आरत बानी। रघुकुलतिलक नारि पहिचानी"। जटायु रावण पर हमला कर देते हैं इसके बाद लंकेश जटायु के पंख तलवार से काट देता है। इधर राम लक्ष्मण पंचवटी पहुंचते हैं वहां पर सीता को न पाकर दुःखी होकर ढूंढने लगते हैं।" हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृग नैनी"। रास्ते में घायल गिद्ध राज जटायु मिलते हैं वह सारा वृतांत बताते हैं और भगवान की गोद में अपने प्राण त्याग देते हैं। उसके बाद भगवान सबरी के आश्रम पहुंचते हैं जहां पर प्रेम भक्ति में सबरी के झूठे बेर खाते हैं। इस अवसर पर आरडब्लूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने बताया कि श्रीराम कथा के सातवें दिन हनुमान जी राम जी की भेंट, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीता खोज, लंका दहन, रावण वध और राम राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस मौके पर देवमणि शुक्ला, रवि राघव, गोरे लाल, रमेश वर्मा, संजय पांडे, अंगद सिंह तोमर, हरि सिंह, संजय शुक्ला, रमेश दास, हंसमणि शुक्ला, विकास शर्मा, सी एल तिवारी,राजेश गुप्ता, विश्वनाथ त्रिपाठी, गौरव, जितेंद्र सतपति, रविंद्र कुमार, देवेंद्र गुप्ता, बहादुर चौहान, अनूप सिंह, संगम प्रसाद मिश्रा, प्रकाश जोशी, संदीप, सर्वेश तिवारी, विजय कुमार,दीपक तिवारी, विष्णु शर्मा, सुशील पाल, नीरज शर्मा, अवनीश तिवारी, राजवीर सिंह, संजय कर्ण, संजीव ढाली,शिव चौधरी, नवीन पंत, सिया राम, उमाकांत त्रिपाठी , कपिल देव गुप्ता, विष्णु शर्मा, आलोक तिवारी, गिरिराज,सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।



## मार्च में पांच टन बढ़ा आरबीआई का स्वर्ण भंडार, अवधि के दौरान सोने की वैश्विक मांग भी बढ़ी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**इस वर्ष मार्च में आरबीआई के स्वर्ण भंडार में पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान दुनियाभर के केंद्रीय




बैंकों से स्वर्ण भंडार में शुद्ध रूप से बढ़ोतरी हुई है।व?र्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्लूयूजीसी) के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में आरबीआई का स्वर्ण भंडार 822.1 टन के रिकार्ड स्तर पर था और 2024 की शुरुआत से अब तक इसमें 18.5 टन की बढ़ोतरी हो चुकी है 2023 में आरबीआई ने 16.2 टन सोने की खरीदारी की थी। मार्च में तुकिन्ये के केंद्रीय बैंक ने दुनियाभर में सबसे ज्यादा सोने की खरीदारी की है। इस दौरान तुकिन्ये के केंद्रीय बैंक के स्वर्ण भंडार में 14 टन की बढ़ोतरी हुई है। भारत की तरह चीन के पीपुल्स बैंक आफ चाइना के स्वर्ण भंडार में भी पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में आरबीआई ने 16.2 टन सोने की खरीदारी की थी। मार्च में तुकिन्ये के केंद्रीय बैंक ने दुनियाभर में सबसे ज्यादा सोने की खरीदारी की है। इस दौरान तुकिन्ये के केंद्रीय बैंक के स्वर्ण भंडार में 14 टन की बढ़ोतरी हुई है। भारत की तरह चीन के पीपुल्स बैंक आफ चाइना के स्वर्ण भंडार में भी पांच टन की बढ़ोतरी हुई है। जनवरी-मार्च 2024 के दौरान सोने की वैश्विक मांग तीन प्रतिशत बढ़कर 1,238 टन रही है। भारत की बात करें, तो रिजर्व बैंक का गोल्ड भंडार अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।



# जय श्री राम के नारे के साथ दुद्धी उपचुनाव का हुआ नामांकन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र विधानसभा दुद्धी उपचुनाव के प्रत्याशी के रुप में श्रवण गोंड ने अपना नामांकन दाखिल किया- नामांकन के उपरांत जिला कार्यालय कनौजिया, प्रकाश पटेल, रमेश चेरो ने सदस्यता ग्रहण किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता देवतुल्य होता है, जो हर बूथ पर पार्टी रुप से तय है अतः आप सभी लोग इन कार्यक्रमों को सफल बनाये ताकि होने वाले चुनावों को हम प्रचण्ड बहुमत से जीत का परचम लहराये और आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद



पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक सम्पनन हुयी बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया। इस शुभ अवसर पर मुख्यअतिथि संजीव कुमार गोंड व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल द्वारा अन्य दलों सपा बसपा से आये पदाधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी जिसमे मुख्यरुप से दीपक कुमार यादव पूर्व सपा प्रदेश सचिव, रिषभ मिश्रा, सागर गोंड एनएसयुआई कार्यकर्ता, सत्येन्द्र कुमार, अनिष शर्मा, मनोज यादव सपा कार्यकर्ता, बसपा के शंकर को जिताने का कार्य करता है, आज इस सभागार में जो भी कार्यकर्ता मौजूद है मै उनका आवाह्न करता हूं कि दुद्धी विधानसभा उपुचनाव में और लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगाकर एक एक व्यक्ति तक पहुंचकर संगठन और सरकार कि जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए हर एक बूथ को जितने का सफल रणनीति सफल बनायें ताकि हम दोनो चुनाव प्रचण्ड बहुमत से जीत सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि होने वाले चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आगे कई संगठनात्मक कार्यक्रम होने है जिसमें हमारे सभी मोची के सम्मेलन व बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एवं वरिष्ठ नागरिक, चिकित्सक, शिक्षक, प्रबंधक/प्रधानाचार्य सम्मेलन प्रमुख ज्ञापित किया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, विधानसभा पालक दुद्धी रमेश मिश्रा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुबाष खरवार, गेंदालाल घसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चौबे,डॉ धर्मवीर तिवारी, रामलखन सिंह, जिला पंचायत सदस्य म्योरपुर सुषमा सिंह गोंड, रामविचार गोंड, म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड, जिला महामंत्री जीत सिंह खरवार, रामसुन्दर निषाद, विधानसभा संयोजक सोना बच्चा अग्रहरी, पननलाल जायसवाल, शारदा खरवार, सुरेन्द्र अग्रहरी, बर्फीलाल, रमाशंकर गोंड, लक्ष्मण धरकार, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज के बरेला महादेव मंदिर प्रांगण में पांचवें वर्ष आयोजित अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ गया यज्ञ के मुख्य यजमान सतीश पांडे बृजेश शरण सिंह संदीप कुमार सिंह है शायं कालीन बेला में आजमगढ़ से पधारे श्री



एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया है जिसके यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज जी ने बताया151 मंगल कलश कन्याओं एवं सुहागिन स्त्रियों के द्वारा उठाया गया महादेव के मंदिर से बरकरा पोखरे से जल लेकर के मंदिर पर कलश स्थापना मंडप प्रवेश एवं श्री रुद्राभिषेक किया रामचरितमानस मर्मज्ञ पंडित गोविंद शास्त्री जी महाराज के द्वारा नित्य प्रवचन किया जाएगा इससे ग्रामवासी क्षेत्रवासी जनों में काफी उत्साह है इस शुभ अवसर पर अरविंद शरण सिंह अविनाश शुक्ला पिंटू देवेश मिश्रा धीरेंद्र पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# वर्षों से नाली सफाई व मरम्मत की राह देख रहे ग्रामीण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र ।** ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी में पानी निकास से



परेशान ग्रामीणों को बीमारी का खतरा बढ़ने लगा । शिकायतों के बाद भी नही ध्यान दे रहे जिम्मेदार। विकास खण्ड -चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी के वार्ड 5 में रियाज अहमद के घर के पास नाली की सफाई व टूटने के कारण पानी रास्ते मे भरता जा रहा। जहां स्थानीयों व स्कूल के बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा । 2021 में हुए पंचायत चुनाव के बाद वार्ड 5 में हमेशा नाली सफाई , व मरम्मत न होने से नाली में घास पतवार की भरमार लग गयी। वही ग्राम प्रधान को शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी को नही भेजा गया। कभी-कभी नाली की समस्या को देख स्थानीयों ने स्वयं के हाथों ही नाली सफाई करनी सुरु कर दी। ग्राम पंचायत-बिल्लीमारकुंडी विधान सभा ओबरा (402) में आता है जहां विधायक संजीव कुमार गौंड जी ही जिनका यह दूसरा पंचवर्षीय शासन काल है। ग्राम पंचायत बिल्लीमारकुंडी के वार्ड न0 - 01 में निवास स्थान भी है। जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण राज मंत्री भी है। तथा मंत्री जी की पतने लीलावती देवी विकास खण्ड-चोपन की ब्लॉक प्रमुख है। ऐसे में भी स्थानीयों ने मंत्री जी से शिकायत किया लेकिन कोई सुलभ उपाय नही निकाला जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि इस सरकार में सुनने वाला कोई नही। इसी रास्ते मे छोटे बच्चों का स्कूल भी है। जहाँ बच्चे कभी कभी गिर भी चुके है। यह समस्या कोई नई नही है लगभग 10 वर्षो से झेल रहे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस बार नए ग्राम प्रधान आएंगे तो वार्ड 5 का कायाकल्प हो जायेगा। परन्तु स्थिति बदलने का नाम नही ले रहा। इस सम्बंध में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राहुल सिंह से मोबाइल के जरिए सम्पर्क किया गया तो उन्होंने अपना फोन उठाना उचित नही समझा ।

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने की आत्महत्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** थाना पड़री क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवाही में पति-पतनी के बीच हुए वाद-विवाद में पति सूर्यभान पुत्र लालमणी निवासी धर्मापुर थाना शाहपुर जनपद रीवा मध्य प्रदेश, उम्र करीब-28 वर्ष द्वारा अपनी पतनी रीनू पुत्री शेषमणी निवासिनी देवाही थाना पड़री जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-25 वर्ष की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या करने के उपरान्त सूर्यभान उपरोक्त द्वारा स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई । सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण व थाना पड़री पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृत पति-पतनी उपरोक्त के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार इनकी शादी वर्ष-2019 में हुई थी, आज पति(सूर्यभान) अपनी पतने(रीनू) को साथ अपने घर रीवां ले जाना चाहता था जिनके बीच साथ जाने की बात को लेकर वाद-विवाद हो गया था ।

# भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ श्री राम कथा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर तहसील क्षेत्र के करमा ब्लाक अंतर्गत ग्राम भरूहा में चल



रही श्री राम कथा उत्तर प्रदेश में प्रथम श्री हनुमान जी महाराज की 111 फीट ऊंची स्थापित प्रतिमा एवम् सम्पूर्ण भारतवर्ष के तृतीय श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य शुरू हैं।सदर तहसील क्षेत्र के करमा ब्लाक अंतर्गत ग्राम भरुहा मे सम्पूर्ण भारतवर्ष के तृतीय श्री पारदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण पर बीते 1 से श्री राम कथा एवं शुक्रवार को भाव भंडारे का किया जाएगा आयोजन । आयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि ऐतिहासिक सिद्ध पीठ में उत्तर प्रदेश में प्रथम श्री हनुमान जी महाराज की 111 फीट ऊंची प्रतिमा एवम् संपूर्ण भारतवर्ष के तीसरे श्री परदेश्वर महादेव जी का मंदिर निर्माण का कार्य भरूहा की पावन धरा पर शुरू किया गया जिसमें भिक्षा यात्रा जारी है प्रभु के निर्माण कार्य में हमेशा गति बनी रहे इसके लिए प्रभु के निर्माण स्थल पर श्री राम कथा का आयोजन आयोजित किया गया जो बीते 1 मई से तक चला इसके उपरांत शुक्रवार को विशाल भंडारा कर प्रसाद वितरण कराया गाया। आयोजक ने बताया कि कथा वाचक पूज्य श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज द्वारा सुबह शाम लोगों के बीच संगीत मय नव दिवसीय श्री राम कथा एवं यज्ञ कथा संपनन कराया गया। इस दौरान मौजूद अरूण तिवारी ,अनिल तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी ,आनन्द तिवारी, डी एन तिवारी , कौशलेंद्र तिवारी , संजय श्रीवास्तव ,एवम् समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

# विष्णु के छठे अवतार भगवान् परशुराम जी की धूमधाम से मनी जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को पराक्रम और साहस के प्रतीक विष्णु के



छठे अवतार भगवान् परशुराम जी की जयंती के शुभ अवसर पर केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा के राबर्टसगंज स्थित आवास पर भगवान् परशुराम जी की जयंती आरती हवन-पूजन हर्षोल्लास के साथ मनाई गई- इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पुर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र पांडेय एडवोकेट, विनोद चौबे एडवोकेट, एस एन दुबे , बाबा पंचमुखी महादेव के पुजारी आचार्य लछ्मण दुबे , पंडित कमलेश शुक्ला , अवधेश मिश्रा , अमित शुक्ला, भाजपा मिडिया प्रभारी अनुप तिवारी, अनिल तिवारी, अजय दुबे, राजू दुबे, विवेक पान्डेय, राहुल चतुर्वेदी , गंगेश्वर शुक्ला जी सहित अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नही:अंकिता केजरीवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को बताते हुए हर्ष की अनुभुति हो रही है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच सोन महिला ने एक बार फिर प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहिं होता कथन को सत्य कर दिखाया है ।। तथा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों एवं मंदिर में आने वाले भक्तगणों की प्यास बुझाने के लिए जल ही जीवन है 'अमृत धारा' प्रकल्प के तहत नगर में स्थित बगीचे वाले हनुमान जी के मंदिर पर स्थाई प्याऊ; वाटर कूलर लगवाया गया। पिछले वर्ष इसी कड़ी में मारवाड़ी सोन महिला मंच ने नगर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में एक स्थाई वाटर कूलर लगवाया था , जिसका जीर्णोद्धार भी कराया गया ।।लोकार्पण मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सरोज के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मारवाड़ी समाज की महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं राष्ट्र हित में सहयोग कर रही हैं। और मारवाड़ी सोन महिला मंच के लिए इस नेक कार्य को सम्पनन करने के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया ।मौके पर मंच के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे , निवर्तमान अध्यक्षा तथा प्रांतीय सह संयोजिका अंकिता केजरीवाल ने बताया की हमारा मंच समय - समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहता है और



आगे भी करता रहेगा ।अध्यक्षा प्रतिभा कानोडिया ने बताया कि मंच के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला और आगे भी वह इसी तरह के कार्यों की अपेक्षा करती हैं । मंच की मंत्री रितु जालान ने कार्यक्रम की विस्तार देते हुए कहा कि सर्वप्रथम हनुमान जी को भोग लगाकर सदस्यों एवं वहां मौजूद लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा प्रांतीय अमृतधारा सह संयोजिका अंकिता केजरीवाल द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया ।। इस दौरान मंच की कोषाध्यक्ष-ज्योति शर्मा,अनीता थर्ड, सुनीता सांवरिया, दीप्ति केडिया, मीरा जालान, पूनम खेतान , एकता केजरीवाल, आदि मौजूद रहे।

# सिरिंज से निकालता था देसी शराब, पानी मिलाकर बेचता था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चोपन।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार को देसी शराब में पानी मिलाकर उसकी दोबारा पैंकिंग कर बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध देसी शराब, प्लास्टिक की बोतल, ढक्कन व अन्य सामान भी बरामद हुए हैं।चोपन-सिंदुरिया मार्ग पर रेणुका नदी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने झारखंड के लोहरदग्गा निवासी अंकित कुमार साहू को पकड़ा। वह चोपन में किराए के मकान में रहता था। उसके कब्जे से एक हरे रंग की बोरी में छह लीटर अवैध देसी शराब, 107 खाली सीसी, 93 ढक्कन, बाइक आदि बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि सीरिंज की मदद से शराब निकालकर वह पानी मिलाता था। बाद में निकाली गई शराब को दूसरे बोतल में भरकर बेचता था।

# जुलूस के साथ बहुजन समाज पार्टी ने भी किया नामांकन




**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा कार्यालय से जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया गया नामांकन अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष बी सागर ने बताया कि कार्यकर्ता हूं मैं काफी उत्साह है जिसके साथ कार्यकर्ता उसका सदैव विजई है। वही नामांकन के चौथे दिन लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 राबर्ट्सगंज में 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में बनाये गये नामांकन स्थल पर शुक्रवार चौथे दिवस 04 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किये,जिसका विवरण निमन्वत् है- 1-अशोक कुमार कनौजिया-भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी से-02 सेट 2-धनेश्वर-बहुजन समाज पार्टी-01 सेट 3-प्रभु दयाल-राष्ट्रीय समाज दल-01 सेट 4-राम शिरोमणी-सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी-01 सेट पर्चा दाखिला किया गया।

# सोनभद्र बना बिना नम्बर प्लेट परिवहन व अवैध खनन,का हब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र ।**ओवर लोड गाड़ियों का क्रम लागातार जारी है।जिसमे राजस्व की छति के साथ खनन







व्यवसायी धड़ल्ले से इसका फायदा उठाने में लगे हैं। वही प्रशासन मौन मूकदर्शक बनी है लोक सभा चुनाव को देखते हुए जहां जिले के आला अधिकारी चुनाव को सकुशक कराने में व्यस्त है वही खनन व्यवसाय इसका फायदा उठाने में मशगूल है। जुगैल थाना क्षेत्र से चोपन थाना अंतर्गत जवारीडाँड़ में बालू भंडारण के लिए बिना नम्बर प्लेट के हाइवा, बेखौफ दिन/रात्रि हुंकार भर रहे है। नियमों को ताख पर रख मानक के विपरीत खनन की जाती है लेकिन अवैध निकासी का बोलबाला पीछा नही छोड़ रही। जुलाई से अक्टूबर माह के समय जब नदियों से खनन बंद रहता है उसकी भंडार को लेकर व्यवसायी नदियों का दोहन करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे। इस समय बिना कागजात के दिनदहाड़े कार्य को अंजाम दिए जा रहे है। आपको बताते चले कि सरकार के निर्देशानुसार सभी थानों व चौकियों पर सीसी कैमरा लगा है। जिसके सामने आए दिन बे रोक टोक अवैध रूप में ओवरलोड बालू व गिट्टी का संचालन हो रहा है। एक सप्ताह पहले ही डाला क्रशर से एम.पी. की परमिट से गिट्टी सप्लाई में दर्जनों ट्रकों को चोपन थानाध्यक्ष द्वारा पकड़ कर कार्यवाही की गई जिसमें गाडी मालिक, परमिट जारीकर्ता व ड्राइवरों पर कार्यवाही भी की गई थी। फिर भी खनन व्यवसायियों पर कोई प्रभाव नही पड़ रहा। जानकरी के अनुसार खनन विभाग माननीय मुख्यमंत्री महोदय के पास है। जिस पर आदेशों में बताया गया कि किसी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन बर्दास्त नही किया जाएगा। जिसका खुला चेतवनी खनन व्यवसायी स्वीकार कर सरकार को चैलेंज कर रहे है। नगर व गांवों में चर्चा का विषय बना है कि स्वक्ष सरकार में भ्रष्टाचार का खुला खेल किसके सह पर खेला जा रहा है। इस सम्बंध में खनन सर्वेयर , खान अधिकारी नपा तौला फोन पर जबाब दे रहे है कि मैं अभी मीटिंग में हु। बाद में बात करूंगा। और बाद में फोन उठाना भी मुनासिब नही समझते।

# मच्छरों को मारने में उपयोगी कीटनाशक ढूंढ रही आईसीएमआर की टीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**म्योरपुर।** आईसीएमआर के सात सदस्यों की टीम शनिवार को तीसरे दिन भी अपने अध्ययन में लगी रही। इस दौरान उन्होंने म्योरपुर ब्लॉक के



पाटी ग्राम पंचायत में लोगों का सैंपल लिया और विभिनन तरह की जांच की।टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. गौरव राज द्विवेदी ने बताया कि उनका अध्ययन मलेरिया से जुड़े दो बड़े प्रोजेक्ट पर है। पहले प्रोजेक्ट में मलेरिया के ऐसे मरीज, जिसमें कोई लक्षण न हो। इस श्रेणी में म्योरपुर के तीन ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। इनमें पाटी, बेलहत्थी और मकरा गांव शामिल है। यहां मानसून के पहले अध्ययन किया गया है। अगर इनमें मलेरिया के परजीवी होंगे तो उसका पता लगाकर उपचार की व्यवस्था होगी। टीम में डॉ. द्विवेदी के लिए डॉ.नलिनी मिश्रा, डॉ. बृजरंजन मिश्र, डॉ.आयुष मिश्रा, रविशंकर सिंह, तकनीशियन शशिकांत तिवारी, कीट संग्राहक सूर्य प्रताप शामिल हैं। पूरी टीम आईसीएमआर गोरखपुर से आई हुई है। उन्होंने बताया दूसरा प्रोजेक्ट उपयुक्त कीटनाशक से जुड़ा है। डीडीटी पर प्रतिबंध के बाद इस दिशा में काम किया जा रहा है। मानसून सीजन में फिर आकर अध्ययन किया जाएगा। कहा कि गोरखपुर और सोनभद्र की स्थिति में क्या अंतर है इसका भी अध्ययन चल रहा है।

# कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** पुलिस उप-महानिरीक्षक




विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के साथ सभागार कक्ष में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत समीक्षा गोष्ठी कर सम्बन्धित को अधिकारीगण को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश –पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ठआर.पी.सिंहठ द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ठअभिनन्दनठ के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन मीरजापुर स्थित सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण एवं शाखा प्रभारीगण की समीक्षा गोष्ठी की गयी । लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आदर्श आचार संहित का अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न।

# कपिल के शो में वापसी को लेकर 'चंदू' ने तोड़ी चुप्पी, शो के ऑफ एयर होने की खबरों के बीच कहा- टीम को सोचना चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लगातार किसी न किसी वजह से सुखियों में हैं। शो प्रभाकर ने कपिल शर्मा के शो पर अपनी बात रखी है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरुआत धीमी हुई, लेकिन पिछले कुछ एपिसोड में इसकी







के हालिया एपिसोड में 'हीरामंडी' कास्ट ने महफिल सजाई। अपजे जोक्स से लोगों को हंसा-हंसाकर लोटपोट करने वाले कपिल इस बार टीवी पर नहीं, ओटीटी पर धमाका किए हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में सुनील ग्रोवर की वापसी ने फैंस का दिल खुश कर दिया था। करीब 6 साल बाद कपिल शर्मा और उन्हें साथ देखा गया। कुछ धमाकेदार एपिसोड्स के बाद पिछले कई दिनों से शो के ऑफ एयर होने की खबरें तेज हैं। इस बीच चंदू चायवाला बनकर फेमस हुए चंदन रीच लोगों के बीच बढ़ी है। इस बीच खबर आ रही है कि 'द ग्रेट इंडियन...' के ऑफ एयर जाने की खबरें कई दिनों से सामने आ रही हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस पर ऑफिशियल कन्फर्मेशन आना बाकी है, लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच 'चंदू' बनकर फेमस हुए चंदन प्रभाकर ने कपिल शर्मा शो को लेकर अपनी बात रखी है। इसी के साथ उन्होंने अपनी वापसी पर भी चुप्पी तोड़ी। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में चंदन प्रभाकर ने बताया कि शो का फॉर्मेट टीवी को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''अब टेलीविजन जोन से बाहर निकल कर ओटीटी के लिए कुछ कर रहे हैं, तो एक झिझक भी रहती है। जब भी हम शो के साथ एक्सपेरिमेंट करते हैं, तो इसकी गारंटी नहीं होती कि शो चलेगा ही। उसे हिट बनाने का कोई फॉर्मूला नहीं होता।'' चंदन ने कहा कि जोक्स को लेकर जो भी लोगों की धारणा है, वो टीम को जरूर दिमाग में रखना चाहिए क्योंकि लोगों के लिए ही शो बना रहे हैं। अगर उन्हें वह मनोरंजन नहीं मिलता, जिसकी उन्हें तलाश है, तो इसका क्या मतलब है? चंदन ने कपिल शर्मा शो में 'चंदू' बनकर लोगों को खूब हंसाया है। हालांकि, लंबे वक्त से वह शो में नजर नहीं आ रहे। उन्होंने बताया कि क्या उनके कपिल शर्मा के शो में लौटने की संभावना है या नहीं। चंदन ने कहा कि वह दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हैं, इसलिए फिलहाल कपिल के शो में आना उनके लिए मुमकिन नहीं है। वह वैसे भी ब्रेक लेना चाहते थे क्योंकि वह लंबे समय तक एक ही तरह के रोल और शो में नहीं बंधे रहना चाहते थे। बतौर चंदन वह अपने फैमिलियर जोन से बाहर निकलना चाहते थे क्योंकि एक ही तरह का काम करते हुए एनर्जी और स्कोप लिमिटेड हो जाता है। इससे पहले टाइम्स से बातचीत में कीकू शारदा ने बताया था कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला सीजन कुछ एपिसोड के बाद बंद हो जाएगा। इसके बाद दूसरा सीजन शुरू किया जाएगा। पहले और दूसरे सीजन के बीच लंबा गैप नहीं होगा।

# ब्लैकमेल करने का आरोप लगाकर खोली पोल, बताया कैसे किया उन्हें परेशान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक्टर दीपक तिजोरी की डायरेक्टोरियल फिल्म 'टिप्सी' आज थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। दीपक के डायरेक्शन में बनी ये क्राइम मूवी है। फिल्म को स्क्रीनिंग के टाइम काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दीपक तिजोरी ने हाल ही में बताया हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, दीपक तिजोरी ने बताया कि फिल्म की रिलीज के 20 दिन पहले उन्हेंने रीजनल ऑफिसर को मैसेज भेजा था। उन्हें टाइम पर फिल्म की स्क्रीनिंग करानी थी। उन्हें आश्वासन भी मिला कि सीबीएफसी उनसे जल्द ही कॉन्टैक्ट करेगी। दीपक ने बताया कि फिल्म







कि कैसे सीबीएफसी वालों ने उन्हें ब्लैकमेल किया और उन्हें क्या-क्या कहा गया। दीपक तिजोरी ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है। उनकी बेस्ट फिल्मों में जो जीता वही सिकंदर शामिल है जिसमें उन्होंने आमिर खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया था। दीपक एक्टिंग के साथ-साथ बतौर डायरेक्टर भी काम करते हैं। हाल ही में उन्होंने टिप्सी फिल्म को लेकर सीबीएफसी पर भड़ास निकाली। दीपक ने सीबीएफसी को लेकर काफी कुछ कहा है। बॉलीवुड की रिलीज को चार दिन बाकी थे। उन्हें मनमुताबिक स्क्रीनिंग डेट नहीं मिली। जब वह स्क्रीनिंग के लिए गए, तो उन्होंने साफ किया कि टिप्सी फिल्म पूरे परिवार के साथ देखी जा सकती है। फिल्म में कोई भी किसिंग या एडल्ट सीन नहीं है। वह फिल्म के लिए यूए सर्टिफिकेट चाहते थे, जबकि सीबीएफसी उन्हें पहले यू सर्टिफिकेट दे रही थी। दीपक ने बताया कि स्क्रीनिंग के बाद उनसे कहा गया कि फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया जाएगा। मूवी में कुछ डायलॉग्स और वर्ड्स है।

# आदित्य रॉय कपूर से ब्रेकअप रूमर्स के बीच अनन्या पांडे हुई इस एक्टर की दीवानी कहा- मैं बस उन्हें देखती ही रह गई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2019 में रिलीज हुई 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से अनन्या पांडे ने अपने करियर की शुरुआत की थी। इन पांच सालों में एक्ट्रेस ने कई तरह की फिल्मों में काम किया है। अनन्या पिछले कई दिनों से रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। बॉलीवुड की गॉजियस एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर अपनी ब्यूटी और फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस प्रोफेशनल लाइफ से अलग पर्सनल लाइफ के लिए भी खूब लाइमलाइट बटोरती हैं। अनन्या का नाम पिछले कई दिनों में आदित्य रॉय कपूर के साथ जुड़ा लेकिन एक्ट्रेस ने कभी इस पर खुलकर बात नहीं की। अब उनके अलग होने की खबरें भी सामने आने लगी हैं। अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर पिछले कई समय से एक दूसरे को डेट करने को लेकर सुखियां बटोरते रहे। दोनों ने रिलेशन की खबरों पर कभी हामी नहीं भरी, लेकिन इशारों ही इशारों में कुछ ऐसी बातें जरूर बोलीं, जो इन अफवाहों को और तूल दे सके। हालांकि, कुछ दिनों से उनके ब्रेकअप की खबरें आ रही हैं। इन खबरों के बीच अनन्या ने किसी और एक्टर को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जो उनके फैंस को हैरत में डाल सकता है। 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' आज से पांच साल पहले 10 मई को रिलीज हुई थी। मूवी में अनन्या पांडे, टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया ने लीड रोल प्ले किया था। इस फिल्म में हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ ने भी छोटा सा रोल किया था। हाल ही में अनन्या ने बताया कि वह सेट पर विल स्मिथ से मिलकर शॉक्ड हो गई थीं। आईडीवा को दिए इंटरव्यू में अनन्या ने बताया कि जब उन्हें विल स्मिथ के सेट पर आने की जानकारी मिली, तो वह शॉक्ड हो गई थीं। सिर्फ वही नहीं, बल्कि सेट पर मौजूद सभी लोग हैरत में पड़ गए थे। अनन्या ने कहा कि विल स्मिथ बहुत रिलैक्स और चिल्ड आउट पर्सन हैं। उन्होंने कहा कि जब सेट पर उन्हें पहली बार देखा, तो बस देखती ही रह गई। पहली मुलाकात में उनके मुंह से कुछ निकल ही नहीं रहा था। वह बस विल स्मिथ को घूरे जा रही थीं। अनन्या पांडे के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें, तो उन्हें सी. शंकरन की फिल्म में देखा जाएगा। इस मूवी में वह अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी। इसके अलावा वह 'बैड न्यूज' में कैमियो करती देखी जा सकती हैं।






# ओरहान ने किया खुलासा, बताया- एक फोटो क्लिक कराने के वसूलते हैं इतने लाख रुपय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी आज बॉलीवुड का एक जाना-माना नाम है। उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। आए दिन दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर, पॉडकास्ट में ओरी ने यह रिवील किया कि वह फोटो क्लिक करवाने के लिए कितना चार्ज करते हैं। ओरी हाल ही में भारती और हर्ष के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने शो के होस्ट से अपनी पर्सनल






अनन्या पांडे समेत कई स्टार किड्स के साथ उनकी तस्वीरें देखने को मिलती हैं। ऐसे में अब हर कोई ओरी के बारे में जानना चाहता है कि आखिर वो करते क्या हैं। ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। आए दिन उनकी किसी न किसी स्टार्स के साथ तस्वीर देखने को मिलती रहती है। अब हाल ही में वह भारती सिंह के पॉडकास्ट में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपनी लाइफ से जुड़ी कई चीजें शेयर की। साथ ही यह भी बताया कि एक फोटो का वह कितना चार्ज करते हैं। हालांकि, ओरी बिग बॉस से लेकर कई अन्य इवेंट्स तक में कई बार अपनी कमाई और काम के बारे में बात कर चुके हैं, लेकिन आज भी अगर वह कहीं जाते हैं, तो सबसे पहले उनसे इसी बारे में पूछा जाता है। अब हाल ही में एक बार फिर भारती और हर्ष के और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर कई बातें शेयर की। भारती ने उनसे पूछा कि महंगे हो। इसके जवाब में ओरी ने कहा, ठक्या मैं सस्ता दिखता हूं क्याठ।इसके बाद जब हर्ष ने ओरी से पूछा कि वह एक फोटो के लिए कितना चार्ज करते हैं, तो उन्होंने जवाब दिया 20 लाख रुपये। हालांकि, ओरी ने बताया कि वह फैन को फोटो देते हैं, तो उसके चार्ज नहीं लेते। वहीं, अगर वह किसी शो या इवेंट में जाते हैं, तो उसके 25 लाख रुपये चार्ज करते हैं। ओरी की यह बात सुनकर हर्ष और भारती शॉक्ड हो जाते हैं। इसके साथ ही इस शो में ओरी ने खुलासा किया कि उन्हें पार्टी करना काफी पसंद है। जब भी उन्हें पार्टी का इनविटेशन मिलता है, वो वह जरूर उसमें शामिल होते हैं। ओरी को पार्टी में म्यूजिक, डांस और अच्छे से ड्रेसअप होकर जाना पसंद है।

# ईशान खट्टर फिल्मों में निभाने चाहते हैं पौराणिक भूमिकाएं, बोले- 'इनके साथ जिम्मेदारी भी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इन दिनों पौराणिक और धार्मिक कहानियों पर आधारित रामायण, महाभारत और जय हनुमान जैसी कई फिल्में बन रही हैं। हर फिल्मकार अलग-अलग नजरिए से कहानी प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहा है। पौराणिक व धार्मिक कहानियों और उनके किरदारों से लाखों लोगों की आस्थाएं जुड़ी होती हैं। बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय निभाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अभी तक कई मूवीज में काम कर अपनी एक अलग फैन फॉलोइंग बनाई है। अब हाल ही में उन्होंने बताया है कि वह फिल्मों में पौराणिक भूमिकाएं निभाना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने माना है कि इस तरह के किरदारों के साथ एक जिम्मेदारी भी आती है। पौराणिक या धार्मिक कहानियों के साथ एक जिम्मेदारी भी आती है। बतौर कलाकार ये बातें आपके दिमाग में चलती रहती हैं कि ऐसी भूमिकाओं को किसी भी रूप या




अंदाज में नहीं प्रस्तुत किया जा सकता है। इन कहानियों को नए तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं, लेकिन ये कहानियां इतनी अच्छी हैं कि इनके साथ खिलवाड़ करना पूरी कहानी खराब कर सकता है। ऐसी भूमिकाओं को निभाते समय उनकी अहमियत, व्यक्तित्व और उसके साथ अपनी जिम्मेदारी को भी समझना जरूरी है। ईशान खट्टर के वर्क फ्रंट की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'पिप्पा' में देखा गया था। इस मूवी में उन्होंने ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता की भूमिका निभाई थी। बता दें कि यह मूवी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी, जिसे लोगों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी।अब वह जल्द ही नेटफ्लिक्स की हॉलीवुड सीरीज 'द परफेक्ट कपल' में दिखाई देने वाले हैं। अपने पसंदीदा अभिनेता ईशान खट्टर को इस नए रोल में देखने के लिए उनके फैंस भी काफी उत्साहित हैं।

# अब्दू रोजिक की हुई सगाई, फैंस को दिखाई होने वाली दुल्हन की फोटो, जानें कौन है वो लकी गर्ल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**'बिग बॉस 16' स्टार अब्दू रोजिक की पॉपुलैरिटी इंडिया में इस





शो में आने के बाद जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। वह इस शो में आए और छा गए। उनकी क्यूटनेस और मासूमियत पर हर कोई फिदा है। इतना ही नहीं, अब्दू की सिंगिंग भी लोगों में काफी फेमस है। सलमान खान के शो बिग बॉस 16 में नजर आए अब्दू रोजिक की फैन फॉलोइंग विदेश के साथ-साथ इंडिया में भी जबरदस्त तरीके से फेमस है। अब्दू हाइट में कम हैं लेकिन दिल जीतने में उस्ताद हैं। वह अपनी मासूमियत और क्यूटनेस के बल पर कई लोगों के दिलों पर राज करते हैं। अब्दू जल्द ही दूल्हा बनने वाले हैं। उन्होंने इंगेजमेंट की तस्वीरें शेयर की हैं। ह3 फुट के अब्दू ने एक बार 'बिग बॉस 16' शो में अपने अकेलेपन पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि वो 3 फुट के हैं, तो कम हाईट के कारण उन्हें कोई मिलता ही नहीं। लेकिन अब इस तजाकिस्तान सिंगर की ये ख्वाहिश भी पूरी हो चुकी है। अब्दू कुछ ही महीनों में शादी करने वाले हैं। उन्होंने हाल ही में इसकी अनाउंसमेंट की थी। सिंगर की ये बातें उनके फैंस को प्रैंक लग रही थीं। मगर अब्दू ने इंगेजमेंट की तस्वीरें शेयर कर अफवाहों पर मुहर लगा दिया है। अब्दू रोजिक ने इंगेजमेंट की जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें उन्होंने अपनी होने वाली दुल्हन की एक झलक भी दिखाई है। उन्होंने अपनी शादी की खुशखबरी सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो के जरिए शेयर की। अनाउंसमेंट के बाद फैंस उनकी शादी की खबर से हैरान हो गए। सामने आई तस्वीरों में अब्दु को अपनी होने वाली दुल्हन को दिल के शेप की हीरे की अंगूठी दिखाते हुए देखा जा सकता है। दूसरी फोटो में वह अंगूठी पहनाते हुए देखे जा सकते हैं। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद सेलिब्रिटीज से लेकर फैंस तक ने उन्हें बधाई दी है। तस्वीरों में अब्दू के चेहरे पर लाइफ पार्टनर मिलने की खुशी साफ देखी जा सकती है। अब्दू ने 8 मई को इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया। उन्होंने ब्लैक रंग टक्सीडो पहने इस वीडियो को शूट किया। अब्दू ने सगाई की रिंग दिखाते हुए एलान किया कि वह शादी करने वाले हैं। इसके कैप्शन में अब्दू ने लिखा, ''मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना भाग्यशाली होऊंगा कि मुझे ऐसा प्यार मिलेगा, जो मेरी इज्जत करता है और मेरे जीवन में परेशानियों का बोझ नहीं है। 7 जुलाई की तारीख सेव कर लीजिए!! मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं कितना खुश हूं।

# वीकेंड कर लीजिए प्लान, सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'योद्धा' ओटीटी पर हुई स्ट्रीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा थिएटर्स के बाद अब ओटीटी



पर रिलीज कर दी गई है। वीकेंड को देखते हुए शुक्रवार को फिल्म को स्ट्रीमिंग कर दिया गया है। योद्धा इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म ने बिजनेस के मामले में निराश किया था, जबकि प्रमोशन के लिए मेकर्स ने खूब मेहनत की थी। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर एक्शन करते हुए नजर आए थे। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास बिजनेस नहीं कर पाई थी। वहीं अब लगभग दो महीने बाद योद्धा को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर दिया गया है। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए योद्धा की ओटीटी रिलीज की जानकारी दी है। योद्धा की एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्लेन हाईजैक की कहानी दिखाई गई है। वहीं, सिद्धार्थ मल्होत्रा ने फौजी का किरदार निभाया है। योद्धा के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा ने लंबे वक्त बाद थिएटर्स में वापसी की। उनकी पिछली फिल्म मिशन मजनू ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके बाद योद्धा लाइन में थी, लेकिन कई बार फिल्म की रिलीज में फेरबदल भी किया गया।

# ऋतिक फरहान के साथ नजर आई सबा और शिबानी, वीडियो देख फैंस को आई 'अर्जुन-इमरान' की याद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और फरहान अख्तर ने फिल्म 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' में साथ गर्लफ्रेंड सबा आजाद और फरहान अख्तर के साथ उनकी वाइफ शिबानी दांडेकर भी दिखाई दीं। चारों ने मिलकर पैपराजी को पोज भी दिए।



फैंस को एक बार फिर इन स्टार्स को साथ में देख कर उनकी फिल्म की याद आ गई है। ऋतिक रोशन-सबा आजाद और फरहान अख्तर-शिबानी दांडेकर का वीडियो साथ में काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि फरहान ऑल ब्लैक आउटफिट में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट के साथ ब्लैक पैंट पहनी है। वहीं, ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट के ऊपर डेनिम जैकेट और काम किया था। इस मूवी में दोनों स्टार्स की दोस्ती देखने को मिली थी। फिल्मों के अलावा ऋतिक और फरहान असल लाइफ में भी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा गया है। अब हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर साथ में स्पॉट किया गया। ऋतिक रोशन और फरहान अख्तर का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर सबा आजाद और शिबानी दांडेकर के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इन स्टार्स का यह वीडियो देख कर उनके फैंस को जिंदगी न मिलेगी दोबारा के अर्जुन और इमरान की याद आ गई है। इस दौरान ऋतिक रोशन के साथ उनकी ग्रे पैंट पहनी है। इस दौरान सबा भी ब्लैक ड्रेस में दिखाई दे रही है और शिबानी ने ब्लैक आउटफिट के ऊपर डेनिम जैकेट पहनी है।इस वीडियो को देखने के बाद फैंस भी अपने रिएक्शन देते हुए नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि इस देखने के बाद मुझे जिंदगी न मिलेगी दोबारा की याद आ गई। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा कि अर्जुन और इमरान फिर साथ आ गए। बता दें कि 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' में ऋतिक और फरहान के अलावा कटरीना कैफ और अभय देओल भी लीड रोल में थे। ऋतिक रोशन के वर्क फ्रंट की बात करें, तो वह जल्द ही वॉर 2 में दिखाई देने वाले हैं। इसके साथ ही उनकी 'कृष 4' को लेकर भी कुछ न कुछ अपडेट आते रहते हैं। वहीं, फरहान जल्द डॉन 3 प्रोजेक्ट पर काम करते हुए दिखाई दे सकते हैं।

# श्रीकांत रितेश देशमुखसे लेकर जेनेलिया तक, सेलेब्स ने किया राजकुमार राव की फिल्म का रिव्यू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'श्रीकांत' लंबे समय से सुखियों में बनी हुई थी। अब बीते दिन 10 मई को यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'श्रीकांत' को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। यह मूवी नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिसमें अभिनेता ने उन्हीं का किरदार निभाया है। राजकुमार राव स्टारर फिल्म श्रीकांत सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। दर्शकों से इस मूवी को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब कई सेलेब्स ने भी इस फिल्म को देखने के बाद अपना रिव्यू दिया है। इस लिस्ट में राजकुमार राव की वाइफ पत्रलेखा से लेकर रितेश देशमुख और जेनेलिया तक का नाम शामिल है। स्टार ने जमकर टीम की तारीफ की है। अब रितेश देशमुख से लेकर जेनेलिया तक कई बॉलीवुड सेलेब्स ने भी इसे देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है और फिल्म की तारीफ की है। जेनेलिया देशमुख ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि श्रीकांत एक ऐसी फिल्म है, जो पूरी तरह से प्रभावित करती है। मुझे इसे देखना बेहद पसंद आया। यह आपको हंसाती है, रुलाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि फिल्म के अंत में आपको अच्छा महसूस होता है। इसके बाद एक्ट्रेस ने 'श्रीकांत' की पूरी टीम की तारीफ की। उन्होंने लिखा कि शाबाश तुषार हिरानंदानी, निधि, राजकुमार राव आप अभूतपूर्व थे। इसके साथ ही उन्होंने अलाया और ज्योतिका की भी तारीफ की। जेनेलिया देशमुख से पहले रितेश ने भी अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि राजकुमार राव आप शानदार एक्टर हैं। ज्योतिका आप एक बेहतरीन कलाकार हैं और हमें आपको ज्यादा देखने की जरूरत है। अलाया आप स्क्रीन पर रोशनी डालते हैं। शरद केलकर भाऊ आप हैं। वहीं, रितेश ने डायरेक्टर की तारीफ करते हुए लिखा कि आपने अद्भुत फिल्म बनाई है। बता दें कि इसके अलावा राजकुमार राव की वाइफ पत्रलेखा और एक्ट्रेस हुमा कुरैशी समेत कई स्टार्स ने तारीफ की और दर्शकों से इसे देखने के लिए कहा। 'श्रीकांत' का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है, जबकि इसकी कहानी जगदीप सिद्धू और सुमित पुरोहित द्वारा लिखी गई है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।